संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 118 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने अपना नामांकन वापस ले लिया है।

## विपक्ष बौखलाया, इसलिए झूठ फैला रहा: पीएम

= आज बाबा साहेब अंबेडकर भी चाहकर आरक्षण खत्म नहीं कर सकते, मोदी तो बहुत दूर की बात है: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**साधा निशाना**

8 कांग्रेस ने कर्नाटक को भी अपनी लूट का एटीएम बना लिया है। कम समय में ही इन लोगों ने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरु/मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोमवार 29 अप्रैल को चार सभाएं हैं। सबसे पहले वे कर्नाटक के बागलकोट पहुंचे। इसके बाद महाराष्ट्र के सोलापुर और सातारा गए। सोलापुर में पीएम ने कहा- विपक्ष (कांग्रेस, इंडी गठबंधन) बौखलाया हुआ है, इसलिए झूठ फैला रहा है। आज बाबा साहेब अंबेडकर भी चाहकर आरक्षण खत्म नहीं कर सकते, मोदी तो बहुत दूर की बात है। बागलकोट में मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक को भी अपनी लूट का एटीएम बना लिया है। इतने कम समय में ही इन लोगों ने कर्नाटक का सरकारी खजाना



खाली कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ये लोग एक झटके में गरीबी हटाने का दावा करते हैं, लेकिन इनकी 60 साल की सरकार, इनकी कई पीढ़ियों का काम गवाह है कि वंचित वर्ग के लिए इनकी मानसिकता क्या रही है? उनके दुख, उनकी तकलीफ से कांग्रेस और उनके साथियों को कोई वास्ता नहीं था। कांग्रेस की पहचान उनके पापों के कारण बनी है। उन्होंने कर्नाटक का सरकारी खजाना खाली कर दिया है। विधायकों को विकास निधि का पैसा नहीं मिल रहा है। वो दिन दूर नहीं जब यहां की सरकार अपने अधिकारियों को पेमेंट नहीं दे पाएगी। आपके बच्चे भूखे मर जाएंगे। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार नहीं चला रही। वह वसूली गैंग चला रही है। कांग्रेस के नेता अपनी तिजोरी भरना चाहते हैं। हमारे बेंगलुरु ने देश का नाम ऊंचा किया है, लेकिन कांग्रेस ने इसे टैंकर हब बना दिया है।

### एनडीए ने दलित के बेटे को राष्ट्रपति बनाया: पीएम

**पीएम** ने कहा कि 2014 में आपने प्रचंड बहुमत दिया तो एनडीए ने दलित के बेटे (रामनाथ कोविंद) को राष्ट्रपति बनाया। 2019 में आपने फिर हमें जनादेश दिया तो हमने देश के इतिहास में आदिवासी की बेटी को राष्ट्रपति के रूप में स्थापित किया। आज सांसदों की लोकसभा, राज्यसभा में की संख्या देख लीजिए एसटी एससी, ओबीसी के सबसे ज्यादा प्रतिनिधि भाजपा के टिकट पर चुनकर आते हैं। सातारा का हर सैनिक परिवार आत्मनिर्भर होती सेनाओं को देखकर खुश है। आज हमारी सेना के पास एक से बढ़कर एक मेड इन इंडिया हथियार हैं। ऐसा करके मोदी ने जिनकी दुकानें बंद कर दीं, वे खुश होंगे क्या? हथियारों के जिन दलालों को कांग्रेस की सरकार अच्छी लगती थी, वे क्या कभी मोदी की वाहवाही करेंगे?

हुबली में हमारी एक बेटी के साथ बहुत गलत हुआ। उसे चाकू मारा गया। वो घटना के बारे में सुनकर हर किसी का दिल दहल गया, लेकिन कांग्रेस सरकार वोटबैंक की राजनीति कर है। तुष्टीकरण के लिए कांग्रेस किसी भी हद को पार कर सकती है। कर्नाटक में कट्टरपंथी ताकतें बेलगाम हुई है। कोई दुकानदार अपनी दुकान के अंदर हनुमान चालीसा सुनता है तो उस पर हमला होता है। ये आतंकवाद और कट्टरवाद की मानसिकता है। कांग्रेस वोट पाने के लिए इस मेंटेलिटी को प्रोटेक्ट कर रही है। सोशल मीडिया के जमाने में कांग्रेस टेक्नोलॉजी का गलत इस्तेमाल कर रही है। ये लोग फेक वीडियो बना रहे हैं। मेरी आवाज लगाकर कुछ भी खबर चला रहे हैं। अगर आपको कोई भी फेक वीडियो मिलता है तो उसे भाजपा को दें। तुरंत कार्रवाई होगी। मोदी को अवसर दिया गया तो हमने गांव तक बिजली पहुंचाने का संकल्प पूरा किया। उस समय ये मजाक उड़ाते थे कि पहाड़, जंगल से गुजरकर गांव तक बिजली कैसे पहुंचेगी। अब मोदी ने 75 फीसदी से ज्यादा घरों तक पानी पहुंचा दिया।

### 'न रुकूंगा, न थकूंगा, न झुकूंगा: ये मोदी की गारंटी है'


**प्रधानमंत्री** ने बेलगावी, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और बेल्लारी में सभाएं की। प्रधानमंत्री ने दावणगेरे में कहा कि न रुकूंगा, न थकूंगा और न झुकूंगा। ये मोदी की गारंटी है। आप ये सब 10 साल से देख रहे हैं। मेरी माताओ और बहनो, वे आपके मंगलसूत्र को भी नहीं छोड़ेंगे। कांग्रेस का घोषणापत्र कहता है कि वे आपके सोने के बारे में जानकारी करेंगे, और फिर उसे बांट देंगे। वो किसे बाटेंगे? मनमोहन सिंह की सरकार ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला हक मुसलमानों का है। आपकी प्रॉपर्टी को उन लोगों में बांटा जाएगा, जिनके ज्यादा बच्चे हैं। ये घुसपैठियों को बांटा जाएगा। क्या आपकी मेहनत की कमाई घुसपैठियों के पास चली जानी चाहिए?' ढट मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा की एक रैली में ये बात कही। इसके बाद अलीगढ़ और बाद की कुछ रैलियों में भी मोदी ने कहा कि कांग्रेस आपकी संपत्ति का पुनर्वितरण कर देगी।

**आदर्श विचार**



"हे पार्थ, तुम फल की चिंता मत करो, अपना जरुरी कर्म करते रहो, में फल जरूर दूंगा। -भागवद्"

**मन की बात**



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है। -स्वामी विवेकानंद"

### तेलंगाना सीएम को पुलिस का नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है। जारी किए नोटिस के मुताबिक सीएम रेड्डी समेत पांच लोगों को एक मई को दिल्ली बुलाया गया है। इन सभी ने वीडियो को सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया था। सूत्रों के मुताबिक सीएम रेड्डी को पुलिस ने उस मोबाइल को भी साथ लाने को कहा है जिससे उन्होंने ये वीडियो एक्स पर पोस्ट किया था।

### 'इंडी गठबंधन का पीएम उम्मीदवार कौन'

**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबाद:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा और एनडीए लोकसभा चुनाव जीतते हैं तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। लेकिन क्या कोई यह जानता है कि अगर इंडी गठबंधन का प्रधानमंत्री उम्मीदवार कौन होगा।

**राहुल पर साधा निशाना** : नड्डा सोमवार को तेलंगाना पहुंचे। यहां उन्होंने कोठागुडेम और महबूबाबाद में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इंडी गठबंधन को अहंकारी बताते हुए कहा कि मैं जानना चाहता हूं कि विपक्षी गठबंधन से कौन प्रधानमंत्री बनेगा। उन्होंने कहा कि भगवान न करें राहुल गांधी को कोई प्रधानमंत्री बना दे। आपको क्या लगता है कि वे कोरोना जैसे महामारी से लड़ने में सक्षम हैं। क्या राहुल गाधी महंगाई से लड़ सकते हैं। क्या वे विकास में योगदान दे सकते है। क्या वे वैश्विक चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। रैली में नड्डा ने आरोप लगाते हुए कहा कि अहंकारी गठबंधन के नेताओं को सिर्फ सत्ता से प्यार हैं। उन्हें जनता की सेवा में बिल्कुल भी रुचि नहीं है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मोदी कहते हैं कि भ्रष्टाचार मिटाओ लेकिन गठबंधन के नेता कहते हैं कि भ्रष्टों को बचाओ।

## शिक्षक भर्ती: सीबीआई जांच पर 'सुप्रीम' रोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगाई है, जिसमें उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है।

**सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने की सुनवाई** :मुख्य



न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था।

**याचिका**

8 सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है

### कनाडा में फिर लगे खालिस्तान समर्थक नारे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कनाडा में बैसाखी के मौके पर आयोजित खालसा दिवस कार्यक्रम में खालिस्तान समर्थक नारे लगाने का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और विपक्षी नेता न केवल शामिल होते हैं बल्कि खालसा के समर्थन में भाषण भी देते हैं। वीडियो को साझा करते हुए भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने इस घटना पर चिंता जताई है। इसके साथ उन्होंने जस्टिन ट्रूडो को नसीहत दी है कि अगर घर के पीछे सांप पालेंगे तो दूसरों के साथ एक दिन वो आपको भी डसेगा।

## 'सीएम केजरीवाल का पद पर रहना केजरीवाल का व्यक्तिगत निर्णय'

### लेकिन बच्चों का अधिकार नहीं कुचलने दिया जा सकता: हाईकोर्ट

**टिप्पणी**

8 एमसीडी स्कूलों के छात्र अपने संवैधानिक अधिकारों के अनुसार मुफ्त पाठ्यपुस्तकों, ड्रेस के हकदार हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दो लाख से अधिक छात्रों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने संबंधी याचिका पर सोमवार को उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद भी मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का फैसला अरविंद केजरीवाल का व्यक्तिगत निर्णय है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि स्कूल जाने वाले बच्चों के मौलिक अधिकारों को कुचल दिया जाएगा। अदालत ने कहा कि एमसीडी स्कूलों के छात्र अपने संवैधानिक अधिकारों के अनुसार मुफ्त पाठ्यपुस्तकों, ड्रेस के हकदार हैं। स्कूल जल्द ही गर्मी की छुट्टियों के लिए बंद होने वाले हैं।



ऐसे में एमसीडी आयुक्त को पांच करोड़ रुपये की व्यय सीमा से बाधित हुए बिना दायित्वों को पूरा करने के लिए आवश्यक व्यय के तत्काल वहन करने का निर्देश दिया है।

**यह है पूरा मामला :** बता दें कि अदालत सोशल ज्यूरिस्ट नामक संगठन द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें यह मुद्दा उठाया गया था कि एमसीडी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को पाठ्यपुस्तकें नहीं मिली हैं और नागरिक निकाय में गतिरोध के कारण वे टिन शेड में पढ़ रहे हैं। मामले की पिछली सुनवाई के दौरान, एमसीडी आयुक्त कार्यवाही में शामिल हुए थे और पीठ को सूचित किया कि लगभग दो लाख छात्रों के पास कोई बैंक खाता, वर्दी नहीं है और इसलिए इन छात्रों को स्टेशनरी प्रतिपूर्ति नहीं की गई है। उन्होंने कहा था कि नोटबुक, स्टेशनरी आइटम, वर्दी और स्कूल बैग के वितरण न होने का एक प्रमुख कारण 'स्थायी समितियों का गठन न होना' है और केवल स्थायी समिति के पास ही 5 करोड़ से अधिक मूल्य के अनुबंध देने की शक्ति और अधिकार क्षेत्र है।

## 'विभाजन ने पूर्वोत्तर की प्राकृतिक कनेक्टिविटी को तोड़ दिया'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत के विभाजन ने कई तरह से पूर्वोत्तर राज्यों की प्राकृतिक कनेक्टिविटी को तोड़ दिया। राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों के कारण क्षेत्र के विकास पर भी इसका असर पड़ा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल



कॉलेज में 'दक्षिण पूर्व एशिया और जापान के साथ पूर्वोत्तर भारत का एकीकरण, आर्थिक संबंधों और पारिस्थितिक संरक्षण को संतुलित करना' विषय पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत के विभाजन ने कई तरह से पूर्वोत्तर राज्यों की प्राकृतिक कनेक्टिविटी को तोड़ दिया। राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों के कारण क्षेत्र के विकास पर भी इसका असर पड़ा। भारत के विभाजन के परिणाम ने कई मायनों में उस प्राकृतिक संपर्क को तोड़ दिया, जो पूर्वोत्तर के पास था या होता।

**प्रभाव**

8 राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों के कारण क्षेत्र के विकास पर भी असर पड़ा

## शाह के फर्जी वीडियो मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: केंद्रीय गृह मंत्री अमित** शाह से जुड़े फर्जी वीडियो के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। गिरफ्तार आरोपी का नाम रीतम सिंह है।

**फर्जी वीडियो मामले में गृह मंत्रालय गंभीर:** दरअसल, सोशल मीडिया पर केंद्रीय मंत्री का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें छेड़छाड़ की गई है। वीडियो में शाह एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने की बात करते दिख रहे हैं। एक दिन पहले रविवार को शाह का फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले लोगों को खिलाफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एफआईआर दर्ज की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय ने मामले को गंभीरता से लिया है। स्पेशल सेल उन एक्स अकाउंट पर नजर रख रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा- समन नजरअंदाज क्यों किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 30 अप्रैल को भी सुनवाई जारी रखेगा। सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी कानून का उल्लंघन कर की गई है। सुनवाई के दौरान जस्टिस खन्ना ने अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि आप गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ हैं लेकिन आपने जमानत की याचिका क्यों नहीं दाखिल की। तब सिंघवी



ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी ही अवैध थी, इसलिए उसको ही चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की 21 मार्च को धारा 19 के तहत हुई गिरफ्तारी के लिए ईडी के पास पर्याप्त वजहें नहीं हैं। ईडी सबूत के तौर पर जिन दस्तावेज की बात कर रहा है, उनसे केजरीवाल का कोई लेना-देना ही नहीं है। सिंघवी ने कहा कि जब ईडी ने ईसीआईआर दाखिल किया तो उसके बाद 18 महीनों में केजरीवाल की गिरफ्तारी नहीं हुई। कोर्ट ने पूछा कि क्या आपका नाम सीबीआई के मामले में है तो सिंघवी ने कहा कि उसमें भी इनका नाम नहीं है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से डेढ़ साल पहले मामला शुरू हुआ। उस दौरान तीन चार्जशीट दाखिल हुईं। सीबीआई ने भी इस मामले में चार्जशीट दाखिल की लेकिन उसमें भी केजरीवाल का नाम नहीं है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि सीबीआई और ईडी ने दिसंबर, 2023 तक कोर्ट में 10 दस्तावेज पेश किये लेकिन उनमें से एक में भी केजरीवाल का नाम नहीं था।

**जिरह**

8 जमानत के लिए आवेदन क्यों नहीं किया; सिंघवी का जवाब- क्योंकि गिरफ्तारी अवैध है

### संदेशखाली मामले की सीबीआई जांच: जुलाई में होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** संदेशखाली में महिलाओं के साथ यौन शोषण और जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में सीबीआई जांच के कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की अपील पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जुलाई तक के लिए टल गई है। पश्चिम बंगाल सरकार ने कोर्ट से खुद सुनवाई टालने का आग्रह किया। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि जांच में कुछ नए बिंदु सामने आए हैं।

**चुनावी संग्राम** कांग्रेस आज मुद्दा विहीन है, इसीलिए लोगों में आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर भय और भ्रम फैला रही है।

## आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर लोगों को बांट रही कांग्रेस: अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर लोगों को बांटने का काम करने का आरोप लगाया। सोमवार को जारी एक बयान में अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी है, वहां उनकी सारी गारंटी बुरी तरह से फेल हो चुकी हैं। कांग्रेस आज मुद्दा विहीन है, इसीलिए लोगों में आरक्षण, संविधान और जाति के नाम पर भय और भ्रम फैला रही है। कांग्रेस से ज्यादा शायद ही किसी ने एससी, एसटी और ओबीसी का हक मारा



होगा। जहां-जहां कांग्रेस की सरकार आती है, वहां हमारे एससी, एसटी और ओबीसी भाइयों बहनों का हक छीनकर कांग्रेस एक विशेष समुदाय को दे देती है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना इसके उदाहरण हैं। भाजपा राज में एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण निर्विरोध बरकरार था, है और रहेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश ने 3 दशकों तक कांग्रेस के नेतृत्व वाली अस्थिर सरकार का दंश झेला है, जिसमें भ्रष्टाचार, परिवारवाद और वोट बैंक पॉलिटिक्स चरम पर था। आज देश में कोई नहीं चाहता कि वह दौर वापस आए। सभी को मोदी के पिछले 10 वर्षों में हुए विकास की पहचान है और इसीलिए आज पूरे देश के लोग भाजपा और एनडीए के पीछे लामबंद हैं। देश की जनता को पता है कि इंडी एलाइंस वाले देश को एक परचून की दुकान समझते हैं, जिसमें प्रत्येक वर्ष कोई नया प्रधानमंत्री बनेगा। इसीलिए आज कांग्रेस 40 सीटों के लिए संघर्ष कर रही है और भारतीय जनता पार्टी अकेले दम पर 370 पार और एनडीए 400 पार सीटें लाने वाली है।

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि जहा कांग्रेस की सोच लोगों को गरीब बनाए रखना है, वहीं मोदी सरकार की सोच लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है।

**हमला बोला**

8 कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी भाइयों बहनों का हक छीनकर विशेष समुदाय को दे देती है

## हिमाचल: तीनों संकाय में बेटियां ही टॉपर

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (एचपीबीओएसई), धर्मशाला ने 29 अप्रैल को कक्षा 12वीं के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस वर्ष, कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 02 से 30 मार्च तक आयोजित की गईं। परीक्षा में लगभग 85 हजार छात्र शामिल हुए थे। एचपी बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षा के लिए प्रोविजनल मार्कशीट आज, 29 अप्रैल को ऑनलाइन मोड में जारी करेगा, छात्रों को उनकी मार्कशीट बाद में संबंधित स्कूल अधिकारियों द्वारा प्रदान की जाएगी। इस वर्ष 12वीं का रिजल्ट 73.76% रहा है। 85,777 छात्रों ने परीक्षा दी थी,




जिनमें से 63,092 छात्र पास हुए हैं।

तीन संकाय में 41 टॉपर है, इसमें 30 छात्राएं और 11 छात्र शामिल हैं। विज्ञान संकाय में 98.80 फीसदी अंक हासिल कर कामाक्षी शर्मा और छाया चौहान ने 12वीं में टॉप किया है। दोनों ने 500 में से 494 अंक हासिल किए हैं।

कला संकाय में 98 फीसदी अंक हासिल कर अर्शिता ने और वाणिज्य संकाय में शाव्या ने 98 फीसदी अंक हासिल कर टॉप किया है। दोनों ने 500 में से 490 अंक हासिल किए हैं।

# प्रदेश सरकार की झूठी गांरटियां बनेगी, हार का कारण : देशराज शर्मा

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः भारतीय** जनता पार्टी द्वारा बड़सर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रेस वार्ता की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा द्वारा की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की झूठी गांरटियां आगामी चुनाव में हार का कारण बनेगी। हिमाचल प्रदेश के सभी विधानसभा उपचुनाव में पार्टी जीत हासिल करेगी।



साथ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार पार्टी 400 पार कां आकडा पार करेगी। बड़सर विधानसभा में पूर्व में तीन बार विधायक रहे बलदेव शर्मा ने कहा कि पार्टी के पूरे कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ बूथ स्तर पर अभियान चलाए हुए हैं। साथ में केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा पूरे संसदीय लोकसभा क्षेत्र में 25 के लगभग स्टेडियमों का कार्य चलाया हुआ है जिससे कि युवाओं को युवाओं का खेलों के प्रति रुझान बढ़ रहा है। इसके उपरांत प्रेस वार्ता को विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी इंद्र दत्त लखनपाल द्वारा संबोधित किया गया। इन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा जिले के विधायकों की अनदेखी करना और राज्यसभा चुनाव में एक ऐसे व्यक्ति को वोट करने के लिए कहा गया जो कि प्रदेश के हितों के साथ-साथ देश के हितों की भी लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय विरोध में लड़ता हो और जब हमने हिमाचल के अपने व्यक्ति को वोट डाला तो हमें बिना कुछ समय दे दिए ही विधानसभा से निष्कासित कर दिया।

जिसके चलते हम 9 विधायक सडकों पर आ गए और हमें भारतीय जनता पार्टी की शरण लेने पड़ी और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में हमें टिकट देकर मैदान में उतारा है। जिसके लिए हम भारतीय जनता पार्टी के शीश नेतृत्व के आभारी हैं 1 साल पहले बड़सर विधानसभा की लगभग 400 करोड रुपए की परियोजनाएं प्रस्तावित थी लेकिन उन पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा लेट लतीफी की। बड़सर विधानसभा के लिए महत्वाकांक्षी पेयजल योजना जोकि गोविंद सागर से उठाई जानी थी उसकी भी सारी फाइल तैयार की थी लेकिन उस पर भी अड़चने पैदा की गई।

कामगार कल्याण बोर्ड को भंग कर कर सरकार ने गरीबों के साथ भी मजाक ही किया है और पूर्व जयराम सरकार के समय में की गई योजनाओं को भी डीनोटिफ ाई कर दिया। आगामी लोकसभा वा विधानसभा के उपचुनाव में जनता इसका हिसाब करेगी।

# लालडी के कार्यक्रम में गत, स्थानीय लोगों ने किया अनुराग का भव्य स्वागत

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः ग्राम पंचायत** दडूही व वार्ड नंबर 11 के लालडी के कार्यक्रम में गतए स्थानीय लोगों ने किया भव्य स्वागत भाजपा जिलाशाम पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर उपाध्यक्षा और स्थानीय प्रधान उषा बिरला ने गिनाई अनुराग ठाकुर के द्वारा करवाए विकास कार्य की उपलब्धियां पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने इस पंचायत में सबोर्डिनेटर बोर्ड, केंद्रीय विश्वविद्यालय और हर गांव को सडक से जोड? को देने पर धूमल को भी किया याद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने गरीब, बुजुर्ग, किसान और फ ौजी, युवा हर वर्ग को पिछले 10 वर्षों में पहुंचाई है



राहत कार्यक्रम स्थानीय विधायक आशीष शर्मा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा भाजपा के दोनों महामंत्री राकेश ठाकुर अजय रिंटू मंडल अध्यक्ष आदर्श कांत पूर्व कौशल विकास निगम के उपाध्यक्ष नवीन शर्मा अनिल शामा जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा पवन ठाकुर युवा स्थानीय के प्रतिनिधि वि रहे मौजूद।

## न्यूज फ्लैश

### गुरुद्वारा दशमेश अस्थान साहिब में 10 दिवसीय आगमन जोड़ मेला शुरू

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** नाहन के ऐतिहासिक गुरुद्वारा दशमेश आस्थान साहिब में गुरु गोबिंद सिंह जी के नाहन आगमन दिवस को समर्पित देर शाम गुरुद्वारा टोका साहिब से एक भव्य नगर कीर्तन पहुंचा। 339 साल पहले गुरु गोबिंद सिंह महाराज आनंदपुर साहिब से चलकर नाहन पहुंचे थे। जिसे नाहन गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं समूह सिख जत्थे बंदिया आगमन जोड़ मेले के रूप में मानती है और यहां 10 दिनों तक गुरुद्वारा परिसर में गुरमत समागमों का आयोजन होता

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने एक व्यापक कार विवरण समाधान टीग्लॉस लॉन्च किया

**शिमला/सोलन: ग्राहक** सबसे पहले के अपने दर्शन के अनुरूप टोयोटा किर्लोस्कर मोटर प्राइवेट लिमिटेड (टीकेएम) ने आज अपने क्रांतिकारी कार केयर ब्रांड टीग्लॉस की पेशकश की घोषणा की है ।यह कार डिटेलिंग की दुनिया में ब्रांड के प्रवेश का मौका है। भारत में कार ग्राहकों के बीच उच्च गुणवत्ता और विश्वसनीय कार विवरण सेवाओं की बढ़ती मांग के जवाब में टीकेएम कार देखभाल उद्योग को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है ।इसकी शुरूआत विशेष रूप से टोयोटा वाहनों के लिए तैयार किए गए समाधानों की व्यापक श्रृंखला के साथ हो रही है ।1 मई 2024 से भारत में प्रत्येक अधिकृत टोयोटा डीलरशिप पर टीग्लॉस उपचार की पेशकश की जाएगी ।किसी भी कार निमार्ता द्वारा उद्योग में पहली बार पेश की गई इस तरह की सेवा टीग्लॉस ब्रांड के तहत उपलब्ध होगी ।टीकेएम वाहन की आंतरिक और बाहरी उपस्थिति को बढ़ाने के लिए क्यूरेट की गई सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करेगा। इसमें सिरेमिक कोटिंग,अंडर बॉडी कोटिंग,साइलेंसर कोटिंग और आंतरिक पैनल सुरक्षा शामिल है। सबरी मनोहर उपाध्यक्ष,बिक्री सेवा प्रयुक्त कार व्यवसाय टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा हम टीग्लॉस का अनावरण करते हुए रोमांचित हैं जो एक अभिनव और उद्योग का पहला उद्यम है जो टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की ग्राहक सबसे पहले दर्शन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है ।टीग्लॉस को उनकी कारों को सौंदर्य की दृष्टि से उत्कृष्ट स्थिति में रखने में मदद करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# यूनिर्वसल कार्टन का कांग्रेस ने किया स्वागत

**चमन शर्मा**

**शिमला।** विधायक हरीश जनारथा एवं विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने इस सीजन से सेब की बिक्री के लिए यूनिवर्सल कार्टन व्यवस्था लागू करने के लिए प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। विधायकों ने कहा कि यूनिवर्सल कार्टन सेब बागवानों की चिर लंबित मांग थी जिसे वर्तमान कांग्रगेस सरकार ने पूरा किया है और सरकार के इस निर्णय से सेब बागवानों को समुचित लाभ सुनिश्चित होगा। जनारथा तथा गौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान प्रदेश सरकार ने किसानों एवं बागवानों के हित में अनेकों निर्णय लिए हैं ताकि उनका आर्थिक तौर पर सशक्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार सेब की बिक्री किलोग्राम के आधार पर पिछले सीजन से आरम्भ कर दी गई है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने पिछले सीजन में सेब के समर्थन में डेढ़ रुपए की ऐतिहासिक बढ़ौतरी कर इसे 12 रुपए प्रति किलो किया गया था। दोनों ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने कीटनाशकों एव उर्वरकों पर मिलने वाली सब्सिडी को भी बहाल कर प्रदेश के लाखों सेब बागवानों को बड़ी राहत दी है जिसे पिछले भाजपा सरकार के कार्यकाल में बंद कर दिया गया था। विधायकों ने कहा कि भाजपा किसान एवं बागवान विरोधी पार्टी है। भाजपा ने लोकसभा चुनाव में वायदा किया था कि विदेशी सेब पर आयात शुल्क को दुगुना किया जाएगा।

# युवा-बुजुर्ग साथ-साथ, करेंगे मतदान पर संवाद

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :जिला** कुल्लू में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के स्लोगन का इस्तेमाल करते हुए अभियान चलाया जा रहा है जिससे अलग-अलग मतदाता समूह को ध्यान में रखते हुए गतिविधियां की जा रही है युवा बुजुर्ग साथ-साथ, करेंगे मतदान पर संवाद के तहत स्वीप अधिकारियों द्वारा आज कुल्लू की न्यूली पंचायत घर मे तीन पंचायतों के प्रतिनिधियों और मतदाताओं के साथ संवाद किया गया। कार्यक्रम में डॉ लाल सिंह डिप्टी डायरेक्टर नेहरू युवा केन्द्र एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। सबसे पहले कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के स्वीप के नोडल अधिकारी रमन जैन ने सभी का



स्वागत किया और ग्राम पंचायतों में चल रही स्वीप की गतिविधियों की जानकारी लोगों को दी। स्वीप टीम के जिला प्रतिनिधि श्याम लाल हांडा ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। वर्तमान में हो रही कम मत प्रतिशतता के कारणों का भी जिक्र किया। चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए बहुत से कार्यक्रमों के बारे में भी लोगों को अवगत करवाया। डॉ. लाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम में युवाओं के साथ साथ बुजुर्गों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। जिला भर में आगामी दिनों में स्वीप की गतिविधियों को और गति दी जाएगी। अंत में सभी मतदाताओं को डॉ लाल सिंह ने शपथ भी दिलाई। इस कार्यक्रम में चतानी पंचायत के प्रधान शेर सिंह न्यूली के

# लोकसभा चुनाव के लिए सीटू ने जारी किया घोषणापत्र



**एसपी जैरथ**

**नाहनः सीटू** जिला सिरमौर का अधिवेशन नाहन में आयोजित किया गया। लोकसभा चुनावों को लेकर सीटू की समझदारी को मजदूरों तक पहुंचाने व मोदी हटाओ देश बचाओ अभियान को मजबूत करने के लिए इस अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में आंगनवाड़ी वर्कर्ज हेल्परज यूनियन, मिड डे मील वर्कर्ज यूनियन, आशा वर्कर यूनियन, आउटसोर्स यूनियन, इंडस्ट्री यूनियन, मनरेगा, निर्माण मजदूरों ने भाग लिया। अधिवेशन में विजेंद्र मेहरा,

जगत राम, वीना शर्मा, आशीश कुमार, लाल सिंह, नीलम शर्मा, देवकुमारी, इंदु तोमर, शीला ठाकुर, सीता तोमर, पिंकी, अमरनाथ, वीरेंदर ठाकुर, रिजवान, अजय कुमार, चन्दर कला, शायमा, ममता, माया श्याम दत, रिंकू आदि लोगों ने भाग लिया।

# प्रशिक्षुओं को एसडीएम गोहर ने दिलाई मतदान की शपथ

## संस्थान के फिटर, इलेक्ट्रिशियन, मोटर मेकेनिक, वेल्डर, ड्राफ्समैन, सिलाई कढ़ाई के प्रशिक्षुओं को मतदान का महत्व समझाया

**सुभाग सचदेवा**

**गोहरः** नाचन विधानसभा के में मा भी पाणा वोट अभियान के तहत एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चच्योट के प्रशिक्षुओं को जागरूक किया गया। संस्थान के फिटर, इलेक्ट्रिशियन, मोटर मेकेनिक, वेल्डर, ड्राफ्समैन, सिलाई कढ़ाई के प्रशिक्षुओं को मतदान का महत्व समझाया गया। संसार के सबसे बड़े लोकतांत्रिक पर्व को मिलजुलकर मनाने की अपील की। दुनिया के



सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश मे मतदान की क्या उपयोगिता है यह भी विस्तार से समझाया। एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने प्रशिक्षुओं को 1 जून, 2024 को मतदान करने की शपथ दिलवाई। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जो युवा 18 साल के हो गए है या जिनका नाम मतदाता सूची में अभी तक दर्ज नहीं है वो भी 4 मई, 2024 तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा लें। साथ ही आगामी लोकसभा चुनावों में बढ़ चढकर मतदान करने का आह्वान भी किया। एसडीएम गोहर ने बताया कि इस आगामी लोकसभा चुनाव में भारत मे लगभग 97 करोड़ मतदाता हैं जिनमे 1 करोड़ 80 लाख नए मतदाता मतदान करेंगे। एसडीएम गोहर ने बताया कि इस वर्ष लोकसभा चुनाव में नाचन में 81ः मतदान का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए चुनाव विभाग और स्वीप टीम मतदान प्रतिशत बढाने के लिए लगातार मतदाता जागरूक कार्यक्रम चलाए हुए है जो की मतदान होने तक जारी रहेंगे। ऐसे कार्यक्रम सभी शिक्षण संस्थानों, एजुकेशन कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज व आईटीआई स्थानीय मेलों आदि में चलेंगे। मतदान की उपयोगता को समझाने के लिए संस्थान के प्रशिक्षुओं ने समूह गान द्वारा मतदान करने की अपील की। फिटर की प्रशिक्षु नताशा ने अपने दमदार भाषण से मतदान की उपयोगिता गिनवाई और गया कि बिना किसी लालच में आये उपयुक्त उम्मीदवार का चयन करें और चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढकर भाग लें।

# राजनेता को ही राजनीतिक जिम्मेवारी मतदाताओं को देनी चाहिए: गुरु शरण

**संगराय**



**जोगिंद्रनगर** : जिला मंडी कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुरु शरण परमार ने एक ब्यान मे कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विकमादित्य सिंह एक दिवसीय जोगिंद्रनगर प्रवास मे हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व गैर राजनीतिक संगठनों से जुड़े हुए बुद्धिजीवी लोग विक्रमादित्य सिंह के विचार सुनने व उनके साथ अपना समर्थन जताने के लिए पहुँचे स परमार ने कहा कि जोगिन्दर नगर क्षेत्र के मतदाता बहुत समझदार हैं उन्होंने इस बार कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी कि एक शिक्षित युवा, कुशल राजनेता, बुलंद आवाज, दूरदर्शी कबीना मंत्री हिमाचल सरकार के पिछले पन्द्रह महीने के सफ ल कार्यकाल को देखते हुए उन्हें अपना मंडी का नुमाइंदा चुनने का मन बनाया है। औलोगों ने दोनों राजनीतिक दलों कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों का विश्लेषण करने पर पाया है कि एक राजनेता को ही राजनीतिक जिम्मेवारी देनी चाहिए ताकि इलाके का विकास हो सके और एक पूर्णकालिक राजनीतिज्ञ ही अगली सरकार में यहां के मसले केन्द्र में अच्छे से उठा सकता है स गुरु शरण परमार ने कहा की विक्रमादित्य सिंह के सम्मान में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन एक विशाल जनसभा में परिवर्तित हो गया इसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि इस बार जोगिन्दर नगर से कांग्रेस प्रत्याशी को भारी बढ़त मिलेगी स यहाँ के लोग विकमादित्य सिंह में पूर्व में छः बार हिमाचल के मुख्यमंत्री रहे उनके स्वर्गीय पिता राजा वीरभद्र सिंह की छवि व जनसेवा करने की क्षमता को देख रहे हैं स जो ओजस्वी भाषण व संदेश वह यहां पर देकर गए उससे कांग्रेस कार्यकताओं में नए जोश का संचार हुआ है और सभी मिलजुल करके चुनाव

# उपचुनाव में सभी सीटें हारे, तब क्यों नहीं दिया जयराम ने इस्तीफा: कांग्रेस

## सत्ता में रहते उपचुनाव में सभी सीटें हारने का रिकॉर्ड जयराम के नाम

**चमन शर्मा**

**शिमला:** कांग्रेस नेता एवं मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा तथा किशोरी लाल ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर में जरा सी भी नैतिकता होती, सत्ता में रहते उपचुनाव में चारों सीटें हारने के तुरंत बाद इस्तीफ ा दे देते। दोनों ने कहा कि जयराम ठाकुर ने सत्ता में रहते सभी चार सीटें हारने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है और तभी उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफ ा दे देना चाहिए था, लेकिन वह कुर्सी से चिपके रहे। उन्होंने कहा कि जब अक्तूबर, 2021 में भाजपा ने सत्ता में रहते हुए प्रदेश में मण्डी लोकसभा सीट के साथ-साथ अर्की, जुब्बल-कोटखाई तथा फ तेहपुर विधानसभा सीटों के उपचुनाव हारे, तो पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की नैतिकता कहां थी पूर्व मुख्यमंत्री की कथनी और करनी में जमीन- आसमान का अंतर है तथा वे सत्ता के लोभ में किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं। मोहन लाल ब्राक्टा तथा किशोरी लाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर हवा.हवाई बातें करते हैं तथा उनमें नैतिकता नाम की कोई भी चीज नहीं है तथा वे हमेशा ही लोगों को गुमराह करने में लगे रहते हैं तथा सिर्फ सत्ता के लोभी हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता लाने का प्रयास जयराम ठाकुर के लोभ का नतीजा है। धनबल के माध्यम से भाजपा ने जनादेश की ख?ीद-फ रोख्त करने का प्रयास किया, जिसे हिमाचल प्रदेश की जनता कभी भी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की जन विरोधी नीतियों के कारण ही प्रदेश के मतदाताओं ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में उसे सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया था, लेकिन भाजपा नेता इस जनादेश को स्वीकार नहीं कर पाए।

# पच्छाद के अशोक कपूर ने ड्रीम-11 पर जीते एक करोड़

## पेशे से हैं ट्रक ड्राइवर, मोबाइल पर खेली गई गेम ने बनाया करोड़पति

**एसपी जैरथ**

**नाहन:जिला सिरमौर** के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले अशोक कपूर की किस्मत रातोंरात चमक उठी है। बता दें मोबाइल पर खेली गई एक गेम ने उन्हें करोड़पति बना दिया है। पच्छाद की बजगा पंचायत के शामपुर गांव के रहने वाले अशोक पेशे से ट्रक ड्राइवर हैं। दिन-रात ड्राइविंग करने वाले अशोक को भी ये पता नहीं था कि उनकी किस्मत कुछ इस तरह बदल जाएगी ।यह सब हुआ ड्रीम-11 की बदौलत। खास बात यह है कि उन्होंने ड्रीम इलेवन पर




सिर्फ एक टीम लगाई। अमूमन लोग कई टीमें लगाकर अपनी किस्मत आजमाते हैं, लेकिन अशोक कपूर सिर्फ एक टीम ही लगाते आ रहे हैं। बीते शनिवार को लगाई टीम में एंट्री भी वापस नहीं मिली। बीते कल यानी रविवार की दोपहर खेले गए जीटी और आरसीबी मैच में उन्होंने अशोक वॉरियर्स के नाम से फिर 59 रुपये की एंट्री लगाई और करोड़पति बन गए। इसकी सूचना मिलते ही गांव में उनका फू ल-मालाओं से स्वागत किया गया। उन्हें और परिजनों को मोबाइल फोन से भी बधाई संदेश मिल रहे हैं। बता दें कि अशोक कपूर ने अभी शादी नहीं की है। 32 वर्षीय अशोक कपूर ने बताया कि वे काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि भले ही वे करोड़पति बन गए हैं, लेकिन वे अपना पेशा नहीं छोड़ेंगे।

उन्होंने बताया कि वे बनाह की सैर के विजय का ट्रक चलाते है। उनकी ट्रांसपोर्ट औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में सेवाएं दे रही हैं।

# अनुराग ठाकुर की गाड़ी पांचवें गियर में दौड़ने को तैयार: त्रिलोक जम्वाल

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** अनुराग ठाकुर की गाड़ी पांचवें गियर में दौड? के लिए तैयार है, लेकिन कांग्रेस को उनके मुकाबले कोई प्रत्याशी ही नहीं मिल रहा है। यह बात भाजपा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के संयोजक एवं बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने जारी चुनाव प्रचार अभियान के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यही नहीं 2019 में जीत का चौका का लगा चुके हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर के मुकाबले में अब कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता चुनाव लड? से कन्नी काट रहे हैं। इससे हमीरपुर में कांग्रेस पूरी तरह से बैक फुट पर है। मुख्यमंत्री का गृह जिला होने के बावजूद इस संसदीय सीट के साथ ही विधानसभा सीटों पर भी उसे करारी शिकस्त झेलनी पड़ेगी। त्रिलोक जमवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील



नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। प्रदेश की पूर्व जयराम सरकार के समय केंद्र सरकार के सहयोग से हिमाचल में भी विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। यही वजह है कि भाजपा यह लोकसभा चुनाव विकास के मुद्दे पर लड़ रही है। इसके विपरीत प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार के लगभग डेढ़ साल के कार्यकाल में हिमाचल में विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प होकर रह गए हैं। कोई नया काम शुरू करना तो दूरए इस सरकार ने भाजपा कार्यकाल में जनहित में खोले गए एक हजार से अधिक संस्थान बंद कर दिए। यहां तक कि 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस जिन 10 गारंटियों से लोगों को गुमराह करके सत्ता में आई थी, उनमें से एक भी गारंटी पूरी नहीं हो पाई है। त्रिलोक जमवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। देश की जनता भी इस बात को बखूबी समझ रही है कि देश का विकास केवल भाजपा ही कर सकती है। कांग्रेस केवल वोट के लिए छल-कपट की राजनीति करती है। भाजपा के विकास के मुद्दे के आगे अपने झूठे वादों और गारंटियों से कांग्रेस का भला होने वाला नहीं है। इस बात को कांग्रेस के बड़े नेता भी बखूबी समझ चुके हैं। इसी का नतीजा है कि हमीरपुर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चुनाव लडने से कतरा रहे हैं। कांग्रेस सरकार की तानाशाही और मनमानी से दुखी होकर उसके कई विधायक भी भाजपा में आ गए हैं। इससे बौखलाकर मुख्यमंत्री और कांग्रेस के कई अन्य नेता उनके खिलाफ अमर्यादित टिप्पणियां कर रहे हैं। ऐसे नेताओं को प्रबुद्ध एवं जागरूक जनता लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में सबक सिखाकर रहेगी ।उन्होंने कहा कांग्रेस को लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा उपचुनाव में भी कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ेगी।

# नाबालिग लडकी को निकाह के उद्देश्य से उठा ले जाने पर चाइल्ड हेल्पलाइन ने की पहल

**हामिद**

**चंबाः चाइल्ड** हेल्पलाइन चंबा ने एक सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए पुलिस में नाबालिक लडकी को शादी के उद्देश्य से उठाकर ले जाने का मामला दर्ज करवाया है। मिली सूचना के मुताबिक हेल्पलाइन को सूचना प्राप्त हुई कि चंबा उपमंडल निवासी की मात्र 13 वर्षीय लडकी को कांगड़ा जिला के गांव माजरा (डमटाल क्षेत्र) तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा में रहने वाले कुछ लोग उठाकर ले गए हैं! पीड़ित बच्ची का परिवार चंबा से पिछले 6 महीनों से गांव माजरा में माल-मवेशियों को लेकर गया हुआ है! 25 अप्रैल 2024 की रात्रि को कुछ लोगों द्वारा मिलकर मासूम लडकी को बलपूर्वक उठा लिया गया है! सूचना यह भी है कि उक्त 13 वर्षीय नाबालिग लडकी का निकाह 36 वर्षीय व्यक्ति के साथ करवाए जाने की योजना है। उक्त व्यक्ति पहले से ही शादीशुदा है, घटना में लगभग 10 आरोपी शामिल थे। मामले की शीघ्र और गहन छानबीन करने हेतु समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा, बच्ची के पिता व संबंधित पंचायत के उप-प्रधान द्वारा महिला पुलिस थाना चंबा में लिखित शिकायत दी गई है। साथ मामले के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंबा शिवानी मेहला जी को भी अवगत करवाया गया है! इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा केस के संबंध में नूरपुर पुलिस थाना प्रभारी के साथ बात की गई है और आवश्यक कार्यवाही हेतु महिला पुलिस थाना चंबा को एफ आईआर के तहत मामला दर्ज करके इस मामले को नूरपुर थाना को ट्रांसफ र करने के आदेश भी जारी कर दिए हैं। मामला दर्ज हो चुका है इस संबंध में दिनांक 27 अप्रैल 2024 को जब स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि तथा अन्य लोग माजरा में आरोपियों के घर जब बातचीत करने को पहुंचे थे।

# पैराशूट उम्मीदवार है कंगना रनौत : विक्रमादित्य सिंह

**निशाने पर**

8 कंगना रनाउत पैराशूट उम्मीदवार है उन्हें मंडी सदस्य क्षेत्र में केवल शूटिंग करनी है



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: मंडी** संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनाउत पैराशूट उम्मीदवार है उन्हें मंडी सदस्य क्षेत्र में केवल शूटिंग करनी है उन्हे आम जनता से कोई लेना देना नहीं है। मंडी में कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने सोमवार को पत्रकार वार्ता के दौरान यह शब्द कहे। उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा प्रत्याशी पर तंज कसते हुए कहा वह उनको राजनीति पारी शुरू करने पर शुभकामनाएं देते हैं पर जिस तरह से वह शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं उनको मुंबई में टपोरी कहा जाता हैं। हम इस भाषा का इस्तेमाल नहीं करते। उन्होंने कहा कि कंगना के हिसाब से यह चुनाव नहीं फि ल्म की शूटिंग हो रही हैं, जहां वो जाती हैं वहां के परिधान पहनकर लोगों को गुमराह किया जा रहा । यह चुनाव इसमें परिधान पहनकर नहीं लोगों के सामने अपना विजिन रखें कि वह क्या इस संसदीय क्षेत्र के लिए करना चाहती हैंए और क्या उनका विजिन हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें उनके पहनावे से कोई दिक्कत नहीं हैं। विक्रमादित्य सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा कि जयराम ठाकुर पिछले चुनावों में ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर की तारीफ किए बिना नहीं थकते थे अब ऐसी क्या नौबत आ गई कि मुंबई से पैराशूटी प्रत्याशी उतारना पड़ा।उन्होंने कहा कि वह भाजपा प्रत्याशी को खुली चनौती देते हैं कि वह सेरी मंच पर उनके साथ डिबेट करें और अपना विजिन रखें। उन्होंने कहा कि उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने मंडी संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ पूरे हिमाचल की सेवा की है तथा विकास की नई इमारत लिखी है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का मंडी के विकास में जो योगदान रहा है उसे बुलाया नहीं जा सकता। मंडी संसदीय क्षेत्र में उन्हें बहुत प्यार मिला है तथा गत लोकसभा उपचुनाव में भाजपा सरकार के समय कांग्रेस उम्मीदवार प्रतिभा सिंह ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी यह सब मंडिया संसदीय क्षेत्र के लोगों का प्यार है। इस मर्तबा भी कांग्रेस विशाल अंतर से जीतेंगे क्योंकि वह हमेशा लोगों के बीच में रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह, कांग्रेसी नेता पुष्पराज शर्मा सहित कई अन्य नेता भी मौजूद थे।

# इद्रं देव का घंमड तोड़ने के लिए श्रीकृष्ण ने उंगली पर उठाया गोवर्धन पर्वत: पंकज

**भक्तिरस**

8 गौतम ने भगवान श्रीकृष्ण जी की लीलाओं का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में डूबोया



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: नगर** के साथ सटे बामटा गांव में चल रही श्रीमद भागवत कथा में प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए कथावाचक पंडित पंकज गौतम ने भगवान श्रीकृष्ण जी की लीलाओं का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में डूबोया। उन्होंने कथा में गोवर्धन पर्वत की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण जी ने इंद्रदेव का धमंड तोडकर गोकुल वासियों की जान बचाई थी। उन्होंने कहा कि प्राचीन कथा के अनुसार द्वापर युग में भगवान इंद्र देव अपनी पूजा न किए जाने नाराज हो गए थे, जिसके बाद उन्होंने सात दिनों तक लगातार बारिश की। इस बारिश से सभी गोकुल वासियों के प्राण संकट में आ गए, जिनके प्राण को बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने गिराज पर्वत को अपनी हाथ की सबसे छोटी उंगली पर उठा लिया था और सभी गोकुल वासियों से पर्वत के नीचे आ गए। जिसके बाद इंद्र देव को अपनी गलती एहसास हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### चिल्ला स्कूल की यादवी शर्मा ने प्रदेशस्तरीय प्रतियोगिता में झटका प्रथम स्थान: पीसी शर्मा



**कश्मीर ठाकुर।**

**बिलासपुर:** आधुनिक शिक्षा के साथ.साथ अन्य सदुपयोगी व जीवनोपयोगी गतिविधियों और अपनी विशाल भारतीय संस्कृति को अपनाते हुए तथा इसका प्रचार व प्रसार करते हुए राजकीय माध्यमिक पाठशाला चिल्ला बिलासपुर के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए राजकीय माध्यमिक पाठशाला चिल्ला की छात्रा यादवी शर्मा ने गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2023 की राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर पाठशाला का नाम रोशन किया है। इस सम्मान को प्राप्त करने के लिए यादवी शर्मा, उसके अभिभावकों और पाठशाला परिवार को गायत्री चेतना केंद्र गुसान (शिमला) में आमंत्रित किया गया था। पाठशाला मुख्याध्यापक प्यार चंद शर्मा को भी इस उपलब्धि पर शिमला में गायत्री चेतना केंद्र द्वारा विशेषतः सम्मानित किया गया। इस परीक्षा में पाठशाला के 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया था तथा परीक्षा में पाठशाला की कशिश शर्मा जिला स्तर पर प्रथम, कैलाश कुमार तृतीय और पलक तहसील स्तर पर प्रथम स्थान पहले ही प्राप्त कर चुके हैं तथा अन्य सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। इसी पाठशाला का विद्यार्थी अंशुल चैहान 29 वां विश्व ओजोन दिवस पर राष्ट्रीय स्तर पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में प्रशंसा प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुका है। मुख्याध्यापक ने यह जानकारी देते हुए इस सारी उपलब्धि का श्रेय पाठशाला के कर्मठ अध्यापकों और पाठशाला प्रबंधन समिति को दिया है।

### मृतका मीनाक्षी के परिजन बोले, ससुरालियों को जल्द गिरफ्तार करे पुलिस

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** बीती 15 अप्रैल को बल्ह थाना क्षेत्र के तहत आने वाले गुटकर में 30 वर्षीय मीनाक्षी की घर की छत से गिरने के कारण हुई मौत मामले में पुलिस ने धारा 302 के तहत मुकदमा तो दर्ज कर दिया है लेकिन अभी तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मृतका मीनाक्षी के मायके वालों ने आज एसपी मंडी साक्षी वर्मा से मुलाकात करके आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की गुहार लगाई। मां सत्या शर्मा और भाई जतिन शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनकी बहन की हत्या हुई है और इसकी सीसीटीवी फु टेज भी सामने आ गई है। पुलिस ने धारा 302 के तहत भी मामला दर्ज कर लिया है लेकिन मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल नहीं की जा रही है। बल्ह थाना पुलिस इस मामले में लगातार ढील बरत रही है। पुलिस को जो-जो बातें बताई गई उसके तहत कोई भी जांच नहीं हो रही है। मीनाक्षी अपने घर की बातें कभी भी मायके वालों को नहीं बताती थी लेकिन अपनी दोस्तों के साथ हर बात शेयर करती थी। इसकी सारी जानकारी उनके पास मौजूद है और पुलिस फि र भी इस तरह से अपनी जांच को आगे नहीं बढ़ा रही है। इन्होंने पुलिस से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करके मामले की जांच को तेज करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। जब इस बारे में एसपी मंडी साक्षी वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। मायके वालों ने मिलकर जो कुछ बातें रखी हैं उनपर भी जांच की जाएगी।

### 2 मई को हिमाचल धाम गागल आश्रम में होगा सत्संग

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल की ओर से विश्व विख्यात संत श्री सुधांशु जी महाराज के अनुयायियों द्वारा उनके जन्मदिन पर 2 मई वीरवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक हिमाचल धाम गागल में सत्संग संकीर्तन आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मंडी मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि सत्संग में भाग लेने वाले भक्तों के लिए मिशन की ओर से चक्कर से गागल तक पहुंचने के लिए गाड़ी की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि सत्संग के बाद गुरु प्रसाद भंडारा की व्यवस्था भी रहेगी।

## आज खाली हाथ सेवानिवृत्त हो रहे है स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत ब्लॉक अकाउंटेंट

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम के तहत कार्यरत केवल सिंह राणा ब्लॉक अकाउंटेंट, पिछले 17 साल से अनुबंध के आधार पर खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय नगरोटा सूरियां जिला कांगड़ा में अपनी सेवाएं देने के बाद 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो रहे है। यह जानकारी नवनीत गुलेरिया उपाध्यक्ष राज्य स्वास्थ्य समिति अनुबंध कर्मचारी संघ हिमाचल प्रदेश ने दी। उन्होंने बताया कि जब भी कोई कर्मचारी किसी विभाग से सेवानिवृत्त होता है तो उसके लिए बहुत खुशी का क्षण होता है लेकिन स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम के तहत लगे कर्मचारी की सेवानिवृत्ति होती है तो उनके लिए वेहद दुःख का क्षण होता है। एनएचएम कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का कोई वित्तीय लाभ नहीं मिलता है जबकि जो वेतनमान उनको मिलता है जिस से की उस कर्मचारी के परिवार का जीवन यापन चलता था उस से भी वह वंचित हो जाता है। उन्होंने कहा कि एक प्राइवेट कंपनी मे कार्यरत कर्मचारी को भी वित्तीय लाभ (ग्रेचुटी) मिलती है लेकिन एनएचएम में लगे कर्मचारी को नहीं मिलती है उन्होंने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से मांग की है कि

जल्द से जल्द एनएचएम कर्मचारियों के लिए व्यवस्था परिवर्तन करते हुए एक स्थायी नीति बनाई जाये, ताकि भविष्य में कोई भी यह कर्मचारी सेवानिवृत्ति पर खाली हाथ घर को नहीं जाये।

## 12 मई को होने वाले दंगल को लेकर बैठक संपन्न

### 11 मई को सवाल कार्यक्रम, अली खड्ड के पास होगा दंगल



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: नगर** के साथ सटे बामटा में आगामी 12 मई को होने वाले विशाल दंगल को लेकर लखदाता पीर कुश्ती कमेटी बामटा की बैठक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह की अगवाई में संपन्न हुई। होटल सागर व्यू में आयोजित इस बैठक में कमेटी के सभी सदस्यों ने भाग लिया तथा दंगल को लेकर रूप रेखा तैयार की। अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि यह छिंज अली खड्ड पुल के पास होगी। जिसमें हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व जम्मू-कश्मीर के नामी पहलवानों को आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि इस दंगल में मुख्य माली के विजेता पहलवान को 17,100 रूपए व बड़ा गुर्ज बतौर इनाम दिया जाएगा जबकि उपविजेता को 11,100 रूपए की राशि दी जाएगी। इसके साथ ही बाल केसरी जिसमें आयु सीमा 14 वर्ष से 17 वर्ष रखी गई है के विजेता को 51सौ व गुर्ज तथा उपविजेता को 41सौ व ट्राफी तथा बचपन केसरी आयु सीमा दस से 13 वर्ष के विजेता को 21 सौ रूपए नकद व स्मृति चिन्ह तथा उपविजेता को 15 सौ रूपए व स्मृति चिन्ह इनाम के तौर पर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पहलवानों के अखाड़े में प्रवेश और दांव पेच देखकर इनामी राशि में बढ़ोतरी भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान तय किया गया कि 11 मई 2024 को बामटा पंचायत कार्यालय के पास सवाल कार्यक्रम होगा जबकि रविवार को अली खड्ड पुल के समीप 12 बजे से दंगल शुरू हो जाएगा।

उन्होंने सभी दंगल प्रेमियों और पहलवानों से इस कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की है। इस बैठक में बामटा पंचायत प्रधान विक्रम ठाकुर, आशा राम, कैप्टन दीना नाथ, संतोखा राम, दीप राणा, पुरूषोतम भारद्वाज आदि मौजूद थे।

## महाविद्यालय की कनिका चुनी गईं बैस्ट कैडेट



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की एनसीसी आर्मी विंग यूनिट 4 एचपी (आई) कंपनी, हमीरपुर की अंडर ऑफि सर कनिका शर्मा को एनसीसी शिमला ग्रुप मुख्यालय द्वारा सीनियर विंग की बेस्ट कैडेट के रूप में चुना गया। इसके अंतर्गत अंडर ऑफि सर कनिका शर्मा को 4500 रुपए नकद पुरस्कार के रूप में दिए गए। कनिका शर्मा की इस उपलब्धि पर प्राचार्य राम कृष्ण तथा महाविद्यालय के सभी सदस्यों ने कनिका शर्मा को हार्दिक बधाई दी तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्राचार्य राम कृष्ण ने कहा की कनिका शर्मा की यह उपलब्धि महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों तथा मुख्य रूप से एन सी सी कैडेट्स के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा की हमें पूर्ण विश्वास है की कनिका शर्मा भविष्य में भारतीय सेना में ऑफि सर के रूप में चयनित होकर राष्ट्रसेवा में अपना योगदान देंगी। एनसीसी केयर टेकर अधिकारी प्रो. राजीव शर्मा ने भी अंडर ऑफिसर कनिका शर्मा को बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस उपलक्ष्य पर सभी समितियों के समन्वयक डॉ. सुरेश शर्मा, प्रो. सीता राम, प्रो. नीलम शर्मा, प्रीतम शर्मा तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## घुमारवीं में यूको बैंक पेंशनर्स की बैठक संपन्न

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** यूको बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की तिमाही बैठक पेंशनर्स संघ अध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में घुमारवीं में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश भर के करीब पांच दर्जन से अधिक पेंशनरों ने भाग लिया। बैठक में पेंशन अपडेशन, स्टैग्नेशन इंक्रीमेंट, पुराने पेंशनरों के पीपीओ में नामित के नाम का हस्तिकरण, वह अन्य मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। संगठन के महासचिव ओपी शर्मा ने बताया कि संगठन ने अपने जरूरतमंद सदस्यों के लिए पेंशन भोगी कल्याण निधि बनाया।

## स्प्रिंग क्वीन प्रतिभागियों ने युवाओं को मतदान के बारे में किया जागरूक

### स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियो को दिया गया टास्क



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर मैदान में जहां पीपल मेल मनाया जा रहा है। तो वही पीपल मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजित किया जा रहा है। पीपल मेले में स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है।

जिसके तहत सोमवार को स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता में भाग ले रहे युवतियों के द्वारा नए मतदाताओं को मतदान के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया गया। जिला प्रशासन के द्वारा स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसके तहत सभी स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता में भाग ले रही युवतियों को भी यह टास्क दिया गया। जिसके चलते सभी युवतियां ढालपुर और अन्य संस्थाओं में जाकर युवाओं को मतदान के बारे में जागरूक करती हुई नजर आई। स्वीप टीम के नोडल अधिकारी डॉक्टर लाल सिंह ने बताया कि इस दौरान युवतियों के साथ भी लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा वर्तमान में हो रही कम मत प्रतिशतता के कारणों का भी जिक्र किया।

वही, चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए बहुत से कार्यक्रमों के बारे में भी लोगों को अवगत करवाया।

**अवगत**

8 चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए बहुत से कार्यक्रमों के बारे में भी लोगों को अवगत करवाया।

## बैजनाथ में संपन्न राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता

### एक बार फिर से अपने हुनर का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों को अपने नाम किया



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: कांगड़ा** के बैजनाथ में आयोजित राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बिलासपुर के खिलाड़ियों ने एक बार फिर से अपने हुनर का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों को अपने नाम किया है। यह राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता 27 व 28 अप्रैल को बैजनाथ में संपन्न हुई। बैजनाथ में करवाई गई में जिला बिलासपुर का नाम एक बार फिर से चमकाया है। जिला बिलासपुर कराटे संघ के महासचिव मुख्य कोच मनोज पटियाल तथा कोच विजय सिंह ठाकुर, संदीप ठाकुर की अगुवाई में जिला कराटे खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया, जिसमें अन्य जिलों से आए खिलाड़ियों को कड़ी शिकस्त देकर 7 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रांज यानि कुल 13 पदक जीत कर जिला बिलासपुर का नाम रोशन किया है। जिला कराटे संघ के महासचिव मनोज पटियाल ने बताया कि बिलासपुर के खिलाड़ियों ने राज्य में अपना परचम हमेशा की तरह इस बार फि र से शीर्ष पर रखा है। उन्होंने बताया कि इन मेधावी एवं होनहार खिलाड़ियों में अनन्या पटियाल, कृष्णम, आंचल, निखिल, सिमरन, नैतिक, कमल ने स्वर्ण पदक अनिकेत, आदर्श, प्रणव, उज्ज्वल, रजत पदक तथा शानवी व कमल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता हिमाचल प्रदेश कराटे संघ के बैनर तले करवाई गई तथा कराटे इंडिया आगेर्नाइजेशन के नियमों के अनुसार करवाई गई। जिसमे काता व कुमिते दो तरह के इवेंट शामिल थे। इस प्रतियोगिता में केवल राज्य व राष्ट्रीय स्तर से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केंद्र के ही खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## निर्वाचन अधिकारी ने रामपुर विस क्षेत्र के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**लिहांटू**

**रामपुर बुशहर:** 01 जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए आज जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप व पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी ने संयुक्त रूप से रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पद्म राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर में स्थापित मतदान केन्द्रए स्ट्रांग रूम और मतगणना केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान व मतगणना के दौरान बिजली-पानी व शौचालय के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि मतदान व मतगणना के दौरान मतदाताओं व कर्मचारियों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने ईवीएम मशीन की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों के ठहरने व मतगणना के समय कर्मचारियों को ठहराने की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान के बाद सारी ईवीएम मशीनें कड़े सुरक्षा घेरे में ही लाई जाएगी और जो मतदान केंद्र दूर है वहां से ईवीएम मशीन निर्वाचन विभाग द्वारा अधिकृत वाहनों में ही लाई जाएगी जिनमें जीपीएस सिस्टम लगा होना अनिवार्य है।

**गुणवत्ता**

8 इन स्कूलों में मिड डे मील के तहत मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया व

उन्होने सहायक रिटर्निंग अधिकारी रामपुर को निर्देश दिये कि स्ट्रांग रूम व मतगणना केंद्र में सीसीटीवी व अन्य व्यवस्थाओं को समय रहते सुनिश्चित करे। स्कूलों में बने मतदान केंद्रों में व्यवस्थाओं का लिया जायजा, मिड डे मिल की जांची गुणवत्ता इससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दत्तनगर, राजकीय उच्च पाठशाला नीरथ, देवनगर, जराशी व दावरा में स्थापित मतदान केन्द्र का भी निरीक्षण किया और बूथ लेवल अधिकारियों से रिपोर्ट ली। उन्होंने इन स्कूलों में मिड डे मील के तहत मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया व बच्चों से रूबरू होते हुए कहा कि एक जून 2024 को अपने अभिभावकों को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उप-मण्डलाधिकारी नागरिक रामपुर निशांत तोमर, एसडीपीओ रामपुर नरेश शर्मा, तहसीलदार रामपुर जय चन्द व निर्वाचन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे ।

## चिट्टे के साथ पकड़े गए युवक से पुलिस की गहन पूछताछ



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** नशे के खिलाफ मंडी पुलिस ने अपना अभियान तेज कर दिया है। हाल ही में मंडी पुलिस द्वारा मंडी शहर में एक 20 वर्षीय युवक को 9.13 ग्राम चिट्टे के साथ दबोचा था। सोमवार को एएसपी मंडी सागर चन्द्र ने पुलिस लाइन में युवक से गहन पूछताछ की। इस दौरान एएसपी मंडी सागर चन्द्र ने बताया कि पकड़ा गया युवक अच्छे परिवार से संबंध रखता है परंतु चिट्टे की चपेट में आ गया। उन्होंने कहा कि अक्तूबर महीने में सदयाना के जिस युवक की चिट्टे के ओवरडोज लेने से मौत हुई थी वह युवक भी उस दिन इसी के कमरे में था। उस दौरान भी इस के परिजनों को बच्चों पर ध्यान देने की हिदायत दी थी परंतु अब युवक चिट्टे के साथ पकड़ा गया हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को भी इसको लेकर जागरूक होना चाहिए और अपने आसपास जो भी इस तरह का नशे का कारोबार करते हैं समय रहते इसकी सूचना पुलिस को दें। सागर चन्द्र ने कहा कि बच्चा किसी का भी हो सकता है लोग यह न सोचे कि पड़ोसी का लडका नशा करता है हमारा नहीं इसलिए नशे के खिलाफ सभी को एकजुट होना पड़ेगा।

# करसोग के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष, कंगना के लिए मांगा वोट

**खेमचंद शास्त्री**

**मण्डी: नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में हजारों की संख्या में चले हुए संस्थान बंद कर दिये, करसोग में ही नायब तहसीलदार के कार्यालय से लेकर पटवार सर्कल समेत दर्जनों की संख्या में कार्यालय, स्कूल और अस्पताल तक बंद कर दिए। कांग्रेस इसी तालाबंदी को विकास कह रही है। अब हिमाचल के लोगों की बारी हैं ऐसी सरकार और ऐसे लोगों की तालाबंदी करें। मण्डी जिला के करसोग में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उन्होंने कहा कि हर पन्ना प्रमुख अपने अपने पन्ने से भारतीय जनता पार्टी को बढ़त दिलाएंगे और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना



सहयोग देंगे। उन्होंने कंगना को मण्डी से ऐतिहासिक विजय के साथ दिल्ली भेजने के लिए निवेदन करते हुए कहा कि कंगना ही आपके सुख-दु:ख की डाकिया बनकर मण्डी और देवभूमि के मुद्दों को दिल्ली में मोदी तक पहुचाएँगी। इसके बाद उन मुद्दों के समाधान की गारंटी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है। इस मौके.पर उनके साथ मण्डी संसदीय क्षेत्र के लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत, करसोग के विधायक दीपराज समेत अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा की प्रत्याशी के लिए विक्रमादित्य ने अमर्यादित शब्द कहे। उन्होंने कंगना को अपवित्र तक कहाए क्या यह हिमाचल के बेटी के लिए इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया जा सकता है? जैसे वह स्वयं गंगा जल में स्नान करके आए हैं। अपने संघर्ष और क्षमता से कंगना ने फिल्मी दुनिया में अपना नाम किया, उन्हें राष्ट्रपति के हाथों पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। विक्रमादित्य के पास मुद्दे नहीं है, डेढ़ साल में एक भी काम नहीं किया है इसलिए वह इधर-उधर की बातें कर रहे हैं। आज प्रदेश में सडकों की क्या हालत है? सडकों की मरम्मत तो छोड़िए उनसे सडकों का कूड़ा भी नहीं उठाया जा सका है। इसलिए वह निजी हमले कर रहे हैं। नारी शक्ति का अपमान कांग्रेस की आदत बन चुकी है। उन्होंने कहा कि दस साल के काम को देखकर देश एक सुर में कह रहा है कि आएगा तो मोदी ही। बीते दस सालों में जो विकास हुआ वह पिछले सत्तर सालों में भी नहीं हो पाया। देश के लोग इस बार भाजपा को चार सौ से ज्यादा सीटें दे रहे हैं हिमाचल भी चार की चार सीटें देकर प्रधानमंत्री को मजबूती देगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि पंद्रह महीनें की सरकार में 15 पैसे का काम नहीं किया है। अपनी नई योजनाएँ नहीं चलाई तो कोई बात नहीं लेकिन जो पुरानी योजनाएं चल रही थी उन्हें भी बंद कर दिया। हिमकेयर की योजना से प्रदेश के लाखों लोगों को बीमारी के समय 5 लाख का मुफ्त इलाज मिल रहा था वह भी बंद कर दिया।

# मतदाता बनकर मतदान अवश्य करें सभी युवा: डॉ. पूनम बसंल

**मनीष**

**सोलन: राजकीय** महिला बहुतकनीकी शिक्षण संस्थान कंडाघाट में स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमण्डलाधिकारी (ना.) सोलन डॉ. पूनम बसंल ने की। डॉ. पूनम बंसल ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को एक-एक वोट के महत्व के बारे विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि मतदान करने के लिए सबसे पहले मतदाता के रूप में पंजीकरण करवाना युवाओं का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल] 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करवाएं। इसके लिए वे बूथ स्तर



अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा स्वयं ही वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी पात्र मतदाता सक्रिय रूप से भाग लें और मतदान अवश्य करें। उन्होंने प्रशिक्षु छात्राओं को सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम में भागी बनने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इसके उपरांत उन्होंने संस्थान में स्थापित सेल्फी प्वाइंट पर छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित भी किया। इस अवसर पर उप निदेशक (उच्चतर शिक्षा) डॉ.जगदीश नेगी ने गाने के माध्यम से उपस्थित छात्राओं में जोश भरा। उन्होंने उपस्थित जनों को मत बनाने की पूर्ण प्रक्रिया से भी अवगत करवाया। साथ ही मतदान केंद्र पर मिलने वाली सुविधाओं जैसे व्हील चेयर, कतार रहित मतदान इत्यादि बारे भी जानकारी प्रदान की।

## लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहयोग करें: प्रो. यशपाल शर्मा

**मनीष**

**सोलन:** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) टीम ने आज अर्की क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया।स्वीप टीम ने गरुड़ नागए पम्बड़ पोलिंग बूथ तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरयांज में मतदाताओं, विद्यालय के कर्मचारियों व विद्यार्थियों को लोकसभा चुनाव में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्वीप टीम के प्रभारी प्रो. यशपाल शर्मा ने बताया कि सभी मतदाता आगामी लोकसभा चुनाव के महापर्व में मतदान कर अपना कर्तव्य अवश्य निभाएं और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहयोग करें।

# बसपा कुल्लू की बैठक में डॉ. प्रकाश चंद प्रत्याशी मंडी लोस का जोरदार स्वागत

**बैठक**

**8 प्रकाश चंद भारद्वाज ने कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह से लोकसभा चुनाव में भाग लेने का आह्वान किया**

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू। बहुजन** समाज पार्टी जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश की लोकसभा स्तरीय बैठक में बसपा प्रत्याशी डॉ प्रकाश चंद भारद्वाज का जोरदार स्वागत किया गया इस बैठक में नारायण आजाद बसपा प्रदेश अध्यक्ष मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए और विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रोफेसर प्रेम कुमार हवाल, प्रदेश महासचिव व



प्रभारी मंडी लोकसभा क्षेत्र और डॉ धर्म सिंह भाटिया, प्रदेश महासचिव, हिमाचल प्रदेश शामिल रहे। इस बैठक में अतिथि के तौर पर सेस राम और एडवोकेट नरेन्द्र कुमार प्रदेश सचिव शामिल रहे।

इस बैठक की अध्यक्षता अनूप राम, बसपा जिलाध्यक्ष कुल्लू के द्वारा की गई इस बैठक में डॉक्टर प्रकाश चंद भारद्वाज ने कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह से लोकसभा चुनाव में भाग लेने का आहवान किया मंडी लोकसभा क्षेत्र की जनता बसपा की तरफ बदलाव की आस लगा रही है बीजेपी कांग्रेस ने बेरोजगारों, महिलाओं, किसानो व बागवानों इत्यादि को हमेशा ठगने का काम किया है इस बैठक में मण्डी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीतने की रणनीती पर भी चर्चा की गई इस बैठक में तारा चंदए प्रभारी जिला कुल्लू, शिव राम,

प्रभारी जिला कुल्लू, रमेश कुमार, प्रभारी जिला मंडी, मोहमद अली, जिला उपाध्यक्ष कुल्लू, सरदार तारा चंद प्रभारी मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र, मेहर चंद, एडवोकेट रविन्द्र कुमार, मायाराम, सुरेश कुमार, दया देवी व अन्य कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### लापता युक्ति की तलाश करें पुलिस : नेकराम

**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी: सरकाघाट** क्षेत्र की ग्राम पंचायत समैला से 20 वर्षीय लापता लडकी की तलाश को लेकर सोमवार को परिजनों ने समाजसेवी नेकराम के नेतृत्व में एसपी मंडी साक्षी वर्मा से मुलाकात की और बेटी को सुरक्षित उनके पास पहुंचाने का आग्रह किया। नेकराम ठाकुर ने बताया कि ग्राम पंचायत समैला की की 20 वर्षीय युवती मौहि में आईटीआई करती थी और कोई युवक उसको बहला फुसलाकर भगा ले गया हैं। इस संदर्भ में जब पुलिस में मामला दर्ज किया और लोकेशन ट्रैक की गई तो वह मुंबई में पाई गई है और युवक यूपी का रहने वाला हैं। नेक राम ने बताया कि युवती गरीब परिवार से संबंध रखती है और किसी ने उसके भोलेपन का फायदा उठाकर उसको गुमराह किया है। उन्होंने एसपी मंडी साक्षी वर्मा से जल्द बेटी को ढूंढने की गुहार लगाई हैं।

### एआरओ मंडी ने भेजा 432 अग्निवीर को अलग-अलग प्रशिक्षण केन्द्रों पर

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू:** सेना भर्ती कार्यालय मंडी स्थित भर्ती निदेशक कर्नल डीएम सामन्त ने बताया कि अग्निपथ योजना के अंतर्गत एआर ओ मंडी ने 432 भिन्न भिन्न श्रेणी के अग्रिवीर को भारतीय थल सेना के अलग अलग प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। उन्होंने कहा कि अग्निवीर में चयन के उपरांत अग्निवरो को प्रशिक्षण के लिए भेजने के दौरान उनमें भारी उत्साह देखने को मिला। भर्ती निदेशक एआरओ मंडी ने चयनित युवाओं व अन्य सभी से आवाहन किया कि वे अन्य युवाओं को भी भारतीय सेना में आने के लिए प्रेरित करें।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ठियोग विस. क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**चमन शर्मा**

**शिमला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आज ठियोग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ठियोग क्षेत्र में 61/75 मतियाना, 67/12 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुमारसैन एवं नारकंडा के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि मतदाताओं को उस दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी भी उपस्थित रहे।

### छात्रा की मौत बाद जागा प्रशासन

**राजन पुरी**



**ऊना: उपमंडल** बंगाणा में 9 वर्षीय छात्रा की बाद प्रशासन जाग गया है। सोमवार सुबह आरटीओ अशोक कुमार ने बंगाणा में नाके के दौरान करीब एक दर्जन से अधिक बसों का जांचा। इनमें से चार निजी स्कूल बसों के चालान किए। यह चालान बसों में बिना अटेंडेंट व चालकों द्वारा वर्दी नहीं पहनने के कारण किए गए। बता दें कि बंगाणा में एक निजी स्कूलों की बस के टायर के नीचे आने से 9 वर्षीय मासूम छात्रा की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। यह बस भी बिना अटेंडेंट के ही स्कूल प्रशासन द्वारा चलाई जा रही थी। बताया जा रहा है कि इस स्कूल की दोनों बसों में चालक के अतिरिक्त अटेंडेंट नहीं थे। इतना बड़ा हादसा होने के बाद भी उपमंडल के अन्य निजी स्कूल संचालक सबक नहीं ले रहे हैं। बंगाणा बाजार के समीप ही अगर यह हाल है, तो अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में निजी स्कूलों के संचालक प्रशासन द्वारा निर्धारित किए गए यातायात नियमों का पालन करते होंगे क्या। एसडीम बंगाणा सोनू गोयल ने उपमंडल में हादसे के बाद कई निजी स्कूलों के संचालकों को चेतावनी भी दे चुके थे कि बसों में नियमित अटेंडेंट की नियुक्ति की जाए। निजी स्कूल बसों की अब नियमित जांच करनी आरंभ कर दी जाएगी, लेकिन क्षेत्र के निजी स्कूल संचालक अभी भी गहरी निंद्रा में डूबे हुए हैं। उपमंडल के कई निजी स्कूलों की बसों में चालक के अतिरिक्त परिचालक नहीं होता है। स्कूली छात्रों के अभिभावकों में सुशील कुमार,अजय धीमान मनीष कुमार , पुष्पा देवी ,पूनम इत्यादि ने प्रशासन से मांग की है कि पंचायत स्तर पर भी एक कमेटी का गठन होना चाहिए।

# 'चुनाव आयोग कांग्रेस के साथ कर रहा सौतेला व्यवहार, प्रदेश के विकास कार्यों में बाधा डालने का हो रहा काम'

**चमन शर्मा**

**शिमला: हिमाचल** प्रदेश के बागवानी एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने चुनाव आयोग पर कांग्रेस के साथ सौतेला व्यवहार करने कर आरोप लगाएं हैं जिसके चलते प्रदेश में विकास कार्यो में बाधा आ रही है। शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जगत सिंह नेगी ने कहा कि सरकार के लंबे समय से विभिन्न विभागों से सम्बंधित 34 मामलों में से 27 मामले आयोग के पास अनुमति के लिये लंबित पड़े है लेकिन आयोग जानबूझ कर इन्हें लटकाने का काम कर रहा है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश में चुनाव आचार संहिता के चलते आवश्यक कार्य, जोकि हर साल नियमित तौर पर होते हैए पूरी तरह ठप पड़ गए है। प्रदेश के ऊपरी भागों में मौसम के अनुरूप ही सडको या अन्य जनहित से जुड़े कार्य थोड़े समय ही होते है।अगर इस समय यह कार्य पूरे नही हुऐ तो इसका नुकसान लोगों को भुगतना पड़ सकता है। प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले ही सरकार ने अपने इन आवश्यक व नियमित कार्यो को पूरा करने के लिये आयोग से अनुमति मांगी थी। लेकिन अनुमति देना तो दूर इसका जवाब भी आयोग से अभी तक नहीं आया है।



**साधा निशाना**

**8 विभिन्न विभागों से सम्बंधित 34 मामलों में से 27 मामले आयोग के पास अनुमति के लिये लंबित पड़े है**

सरकार ने आयोग से उन विभागों में नियुक्तियों के परिणाम निकालने की अनुमानित भी मांगी थी, जिनकी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उद्योग विभाग में स्कूलों के लिये डेस्क बैंच खरीद के लिये टेंडर लगने थे वह भी नही लग रहें है जबकि स्कूलों में पढ़ाई शुरु हो चुकी है। इसी तरह अध्यापको के रिक्त पद भी भरे जाने थे। जगत सिंह नेगी ने चुनाव आयोग से आग्रह किया कि वह प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए उसके पास लंबित पड़े सभी जनहित के कार्यो की पूरा करने की अनुमति सरकार को दें।

## ससुर व बहु ने व्यक्ति पर डंडे से किया हमला

**राजन पुरी**

**ऊना:** पुलिस थाना ऊना के तहत रायंसरी में पड़ोसियों के बीच मारपीट हुई है। ससुर व बहु द्वारा डंडे से किए गए हमले में एक व्यक्ति लहुलूहान हुआ है, जिसे क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस ने घायल की शिकायत के आधार पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सतीश कुमार निवासी रायंसरी ने बताया कि रविवार रात्रि को पड़ोसी हरभजन लाल, राज कुमारी व ज्योति मेरी पत्नी के साथ गाली गलोच कर रहे थे। जब गाली गलोच का कारण पूछा, तो इन तीनों ने मेरा रास्ता रोककर मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं हरभजन सिंह व उसकी बहु ज्योति ने मुझे डंडों से मारना शुरू कर दिया।

# केंद्र में बैठी सरकार मजदूरों किसानों की मांगों पर नहीं दे रही ध्यान: जगदीश

**मनीष**

**सोलन: रविवार** को जिला मुख्यालय सोलन में एटक की राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भारद्वाज ने की। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव में किस तरह से एटक राज्य भर में कार्य करेगी इसको लेकर रणनीति तैयार की गई। प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भरद्वाज ने कहा कि एटक लगातार मजदूरों, किसानों की आवाज को उठाती रही है और आज केंद्र में बैठी सरकार इन्हीं किसान मजदूरों की बात को दबाने का प्रयास कर रही है और मांगों की



तरफ ध्यान नहीं दे रही है। केंद्र सरकार द्वारा सिर्फ अडानी अंबानी का पालन पोषण किया जा रहा है ऐसे में सरकार को चाहिए कि इन लोगों का पालन पोषण बंद करके किसानों और मजदूरों की बात की जाए।

उन्होंने कहा कि इन चुनाव में जो मजदूरों और किसानों की बात करेगा महंगाई और बेरोजगारी कम करने की जो बात करेगा उसे ही एटक समर्थन देने वाली है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में आदित्य ब्वाय व इशू हेड गर्ल नियुक्त

**राजन पुरी**

**ऊना: डीएवी** सेनटेनरी पब्लिक स्कूल ऊना में नवगठित स्टूडेंट काउंसिल के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। नवगठित स्टूडेंट काउंसिल में हेड ब्वाय आदित्य सिंह व हेड गर्ल इशू शर्मा को बनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अंशुमन सैनी, लड़कियों में सानवी सैनी को नियुक्त किया गया। अनुशासन प्रभारी का दायित्व लडकों में संयुक्त रूप से सुजल ठाकुर, अंशुल भारद्वाज व लड़कियों में संचिता को दिया गया। खेल प्रभारी लडकों में आदित्य शर्मा व सावर अरोड़ा व लड़कियों में तनीषा को चुना गया। विद्यालय के छात्रों को




चार सदनों में बांटा गया। दयानंद सदन प्रभारी सुधा विज ने सीनियर कैप्टन एकलव्य, वाइस कैप्टन दीपशिखा, सिमरनजीत, श्रेया ,तनिश, गौरवी, वंशिका को बैच लगाकर कार्यभार सौंपा। हंसराज प्रभारी बिंदु बाली ने आरुषि, अमृत, राधिका, पलक, प्रकृति, स्पर्श व नैतिक को दायित्व सौंपा। विरजानंद सदन प्रभारी बबीता जोशी ने आरुषि कटारिया, वैष्णवी, अनंता, एंजेल, इशांत, अथर्व व कनिका सैनी को बैच लगाकर दायित्व निभाने का जिम्मा सौंपा। विवेकानंद सदन प्रभारी रेनू परमार ने भाविका, तन्मय ,संतोष ,इशिका, आर्यन, दीप्ति व सिमरन को कमान सौंपी। प्राचार्य अतुल महाजन ने नवगठित काउंसिल को अनुशासन में रहकर एकजुटता व विद्यालय की उन्नति के लिए हर संभव प्रयत्न करने की शपथ दिलवाई। प्राचार्य अतुल महाजन ने कहा कि स्टूडेंट काउंसिल बनाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण है। इस अवसर पर मंच संचालक बबीता जोशी, रेनू ठाकुर, दिशि वधावन, समन्वयक सुदेश कपिल व प्रेरणा महाजन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की स्वीप गतिविधियां

**मतदाता**

**8 शिक्षण एवं मतदाता सहभागिता स्वीप गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई**

**चमन शर्मा**

**शिमला:** विधानसभा 63-शिमला शहरी के तहत आज एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गंज बाजार शिमला में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षण एवं मतदाता सहभागिता स्वीप गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर अध्यापकों व विद्यार्थियों को मताधिकार व मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने, पता आदि बदलने, प्रवासी और सर्विस



वोटर हेतु आवश्यक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को भारत के संविधान में सभी नागरिकों को प्राप्त मताधिकार के विषय बारे समझाया गया। अधिक से अधिक संख्या में मतदाता पोलिंग बूथ तक पहुंच सकें इसके प्रयासों हेतु विद्यार्थियों व अध्यापकों से आग्रह किया गया। अठारहवीं लोकसभा के गठन हेतु हो रहे सामान्य चुनाव व हिमाचल में सातवें चरण में होने वाले मतदान के दिन, हर मतदाता मतदान केंद्र तक पहुंचे, इसके लिए विद्यार्थियों के माध्यम से अभिभावकों तक चुनाव आयोग की शपथ को पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं तथा दिव्यांगों के लिए घर से मतदान करने की सुविधा के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्तए मतदान केंद्रों पर मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं जैसे रैंपए पानी और सहायक आदि की व्यवस्था के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वीप के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सिंह ठाकुर, मतदाता साक्षरता समूह (इएलसी) की नोडल अधिकारी पुष्पलता, प्रवक्ता राजनीति शास्त्र टेकचंद, आंचल ठाकुर तथा लगभग 300 छात्र-छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# भारी बारिश के कारण मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर नहीं उतर पाया

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर: हमीरपुर** के भोंरज में आज भारी बारिश के कारण मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर नहीं उतर पाया भोरंज में एआईसीसी के अनीस अहमद ने सम्भाला मोर्चा एमएलए सुरेश कुमार की विधानसभा में आज मुख्यमंत्री का चुनावी दौरव प्रस्तावित था। लेकिन बारिस में महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री रहे डॉ एनीस अहमद ने केंद्र सरकार को जैम कर घेरा साथ में जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बन्याल काँगड़ा कॉप्रेटिव बैंक के चेयरमैन



कुलदीप पठनिया चेयरमैन राम चंद पठानिया अरुण ठाकुर उपाध्यक्ष बाँका राम सुभाष जेलदार राजीव राणा सहित कई सभी फ्रंटल ऑर्गनाइज के पदाधिकारी पंचायतों जिला बीडीसी के पदाधिकारीं मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### इंडीजीन लिमिटेड का आईपीओ सोमवार, 06 मई, 2024 को खुलेगा



**नोएडा ।** इंडेजीन लिमिटेड ("कंपनी") ने सोमवार, 06 मई, 2024, 2024 को अपनी इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग ("ऑफर") खोलने का प्रस्ताव रखा है। बोली/प्रस्ताव समापन तिथि बुधवार, 08 मई, 2024 होगी। एंकर निवेशक बोली की तारीख बोली/प्रस्ताव खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है, यानी शुक्रवार, 03 मई, 2024। ऑफर का प्राइस बैंड रुपए 430 प्रति इक्विटी शेयर से रुपए 452 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 33 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 33 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है।

इस ऑफर में 7,600 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू ("फ्रेश इश्यू") और 23,932,732 इक्विटी शेयरों ("ऑफर किए गए शेयर") की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है, जिसमें बेचने वाले धारक मनीष गुप्ता द्वारा 1,118,596 इक्विटी शेयर, डॉ. राजेश भास्करन नायर द्वारा 3,233,818 इक्विटी शेयर, अनीता नायर द्वारा 1,151,454 इक्विटी शेयर (मनीष गुप्ता और डॉ. राजेश भास्करन नायर के साथ, "इंडीविजुअल सेलिंग होल्डर"), ग्रुप लाइफ स्प्रिंग के भागीदार के रूप विडा ट्रस्टीज प्राइवेट लिमिटेड (फिग ट्री ट्रस्ट के ट्रस्टी) द्वारा 3,600,000 तक इक्विटी शेयर, बीपीसी जेनेसिस फंड कएसपीवी लिमिटेड द्वारा 2,657,687 इक्विटी शेयर, बीपीसी जेनेसिस फंड आईए एसपीवी, लिमिटेड द्वारा 1,378,527 इक्विटी शेयर और सीए डॉन इन्वेस्टमेंट्स द्वारा 10,792,650 इक्विटी शेयर हैं (सामूहिक रूप से विडा ट्रस्टीज प्राइवेट लिमिटेड, बीपीसी जेनेसिस फंड कके साथ बीपीसी जेनेसिस फंड क एसपीवी, लिमिटेड और बीपीसी जेनेसिस फंड क-अ एसपीवी, लिमिटेड, "इन्वेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर" और सामूहिक रूप से इंडीविजुअल सेलिंग शेयरहोल्डर और ऐसे इक्विटी शेयर "ऑफर्ड शेयर" हैं)। इस ऑफर में एलिजेबल एम्प्लॉई ("एम्प्लॉई रिजर्वेशन पोर्शन") द्वारा सदस्यता के लिए कुल मिलाकर 125 मिलियन रुपए तक की संख्या में इक्विटी शेयरों का रिजर्वेशन शामिल है। एम्प्लॉई रिजर्वेशन पोर्शन को घटाकर इस ऑफर को इसके बाद "नेट ऑफर" कहा जाएगा। एम्प्लॉई रिजर्वेशन पोर्शन ("एम्प्लॉई डिस्काउंट") में बोली लगाने वाले एलिजेबल एम्प्लॉई को प्रति इक्विटी शेयर 30 रुपए की छूट की पेशकश की जा रही है।

### टाटा एआईए का सोशल मीडिया कैम्पेन #वोटकरनेकोतैयार शुरू किया



**गुरुग्राम।** भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी, टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड ने हाल ही में एक बहुत ही अनोखा सोशल मीडिया कैम्पेन शुरू किया है – #वोटकरनेकोतैयार युवा भारतीयों को, खास कर पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदान के लिए रजिस्टर करने और चुनाव के दिन मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टाटा एआईए ने यह कदम उठाया है।

युवाओं में राष्ट्रीय जिम्मेदारी और कर्तव्य की भावना को जागृत और मजबूत करना, युवाओं के बीच बढ़ती जागरूकता को सामाजिक समस्याओं के निपटान के लिए उपयोग में लाना इस कैम्पेन का लक्ष्य है। #वोटकरनेकोतैयार कैम्पेन डिजिटल सैवी युवाओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।

# लोकसभा चुनाव के रण में मनोहर के सारथी बने हरविंद्र कल्याण

## मनोहर लाल को प्रचंड जीत दिलाने के लिए दिन-रात कर रहे प्रचार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। लोकसभा चुनाव** के रण में घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के सारथी बने हुए हैं और उनके साथ कदम ताल मिलाकर चुनावी प्रचार में जुटे हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी के करनाल लोकसभा क्षेत्र में मनोहर लाल का चुनाव प्रचार इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद बने संजय भाटिया को देश की दूसरी सबसे बड़ी जीत मिली थी। अब करनाल लोकसभा से स्वयं मनोहर लाल रण में उतरे हैं और अब दावा किया जा रहा है कि मनोहर लाल की इस चुनाव में सबसे बड़ी जीत होगी। मनोहर को प्रचंड जीत दिलवाने के लिए घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण दिन-रात मनोहर के साथ चुनावी रण में उतरे हुए हैं। मनोहर लाल की बड़ी जीत के लिए हरविंद्र कल्याण भी अपनी अहम भूमिका अदा करेंगे। घरौंडा से लगातार दो बार विधायक बने हरविंद्र कल्याण घरौंडा हलके के साथ साथ आस-पास के क्षेत्रों में भी अच्छी पकड़ रखते हैं और मनोहर लाल की जीत के लिए गांव-गांव जाकर प्रचार में जुटे हैं। इस सत्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि घरौंडा में ताबड़तोड़ विकास कार्य करवाने से हरविंद्र कल्याण अपनी एक अलग पहचान बना चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी ने हरविंद्र कल्याण को घरौंडा हलके से दो बार अपना प्रत्याशी बनाया और दोनों बार ही कल्याण विजयी रहे। अब उनका लक्ष्य करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को प्रचंड मतों से विजयी बनाना है, जिसके लिए वे दिन रात काम कर रहे हैं।

**करनाल लोकसभा के संयोजक हैं हरविंद्र कल्याण**

भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विधायक हरविंद्र कल्याण को करनाल लोकसभा क्षेत्र का संयोजक बनाया गया है और हरविंद्र कल्याण अपनी यह जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं। संगठन द्वारा सौंपी गई हर जिम्मेदारी पर हरविंद्र कल्याण खरा उतरे हैं।

## ग्राम खुखराना में निशुल्क मेडिकल परामर्श एवं जॉच शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः कमाल हुसैनः** श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा अपने सी०एस०आर० कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम खुखराना में मेडिकल जॉच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। श्री सीमेन्ट के देवेन्द्र माथुर, उप-महाप्रबन्धक, कार्मिक एवं प्रशासन ने बताया की ग्रामवासियों की स्वास्थय को ध्यान में रखते हुए पूर्व की भाँति श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, यूनिट पानीपत द्वारा कम्युनिटी हेल्थ सेन्टर, मतलौडा, पानीपत के सहयोग से ग्राम खुखराना में सभी उम्र के लोगो के लिए निशुल्क परामर्श एवं जॉच शिविर का आयोजन किया जिसमें 125 ग्रामवासियों के स्वास्थय की जॉच की गई तथा उन्हें निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। उक्त शिविर में कम्युनिटी हेल्थ सेन्टर, मतलौडा, पानीपत के डॉ नरेश राठी और उनके नर्सिंग स्टाफ, खुखराना, सरपंच प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य ग्रामवासी एवं श्री सीमेन्ट के राहुल भाद्वाज, मनीष सैनी, रंजीत एंव बलवन्त भी मौजूद रहें।

## क्यू एप से पता चलेगी मतदान केंद्रों पर लगी भीड़ का अंदाजा: निर्वाचन अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत : कमाल हुसैन**
**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत की तुलना में इस बार 2024 के लोकसभा चुनावों में 75 प्रतिशत तक से पहुंचाने का लक्ष्य लेकर प्रयास किया जा रहा है। इसको लेकर जिला भर में स्वीप गतिविधियां चलाई जा रही है। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अधिकारियों की भी ट्रेनिंग का कार्य पूरा हो चुका है। अधिकारियों को भी वोट प्रतिशत बढ़ाने व लोगों को और अधिक जागरूक करने को लेकर प्रशिक्षण भी दिया गया है। वोट के प्रति युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई पड़ रहा है।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इलेक्शन कमीशन ने वोटर इन क्यू नाम से एक ऐसी एप लांच की है, जिसके माध्यम से मतदाता मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ की जानकारी घर बैठे ही प्राप्त कर सकते हैं और वह भीड़ कम होते ही वोट डालने के लिए जा सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए आयोग की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वोटर इन क्यू नामक एप संचालित किया जाएगा इससे मतदाता चुनाव के दिन मतदान केन्द्रों पर लगने वाली भीड़ को लाइव देख सकते हैं, जिससे मतदाता अपनी सुविधा अनुसार मतदान लिए करने के लिए केन्द्र पर जा सकते हैं। निर्वाचन तहसीलदार सुदेश राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पानीपत शहरी व पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मतदाता इस ऐप का लाभ उठा सकते है। इस मोबाइल एप तथा वेबसाइट का पहली बार चुनाव में प्रयोग किया जा रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि मतदाता को वोट डालने के लिए अधिक समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## 'मनोहर और सैनी को जिताने के लिए जुटे रहें कार्यकर्ता'

### करनाल विधानसभा उपचुनाव संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। भारतीय जनता** पार्टी करनाल विधानसभा उपचुनाव संचालन समिति की महत्वपूर्ण बैठक रेलवे रोड स्थित विधानसभा उप चुनाव कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं यमुनानगर से विधायक लोकसभा प्रभारी घनश्याम अरोड़ा ने मुख्य रूप से शिरकत की और कार्यकताओं को चुनाव को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए घनश्याम अरोड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस चुनाव में नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की प्रगति और विकास के लिए अहम फैसले लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में देश में विकास की गंगा बही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाएं और नीतियां जनहितैषी हैं। जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है। करनाल से मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को जिताने के लिए कार्यकर्ता कमर कस लें और सरकार की योजनाओं का प्रचार करें। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने पिछले साढ़े 9 सालों में जिस तरह से प्रदेश को आगे बढ़ाया और हरियाणा का विकास किया है। कार्यकर्ता सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल में प्रदेश में समान रूप से विकास करवाया। इसके बाद अब करनाल लोकसभा की जनता मनोहर लाल को करनाल से सांसद बनाकर लोकसभा में भेजेगी और उप चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल से विधायक बनेंगे। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, भाजपा वरिष्ठ नेता जगमोहन आनंद, कृष्ण गर्ग, भारत भूषण जुआल, मेघा भंडारी, नवीन बत्रा, जगदेव पाढ़ा, सुनील गोयल, मेहर सिंह कलामपुरा, सुनील गुप्ता, राजेश अग्घी, हरपाल कलामपुरा सहित अन्य मौजूद रहे।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक में आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए हुई मॉक ड्रिल

**टीम एक्शन इंडिया**



**समालखा : दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक** स्कूल में मॉक ड्रिल में दी आग से बचाव की जानकारी- दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ हरियाणा, पानीपत के द्वारा फायर मॉक ड्रिल एवं जागरूकता कार्यक्रम की तरफ से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। फायर स्टाफ एलएफएम अमित कुमार, एलएफएम धर्मवीर सिंह, एलएफएम विनोद डॉ वेर परमीत और सहायक वीरेंद्र ने स्कूल में उनकी उपस्थिति और छात्रों, अध्यापकगण और सहायक कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा के बारे में व आग से बचाव के तरीकों के बारे में अवगत करवाया। विद्यार्थियों को मौखिक जानकारी के साथ-साथ प्रायोगिक विधि द्वारा आग से बचाव के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की आग व उनको बुझाने के लिए विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने मॉक ड्रिल के लिए सायरन बजाकर आकस्मिक आगजनी की सूचना दी गई। इस दौरान एलपीजी गैस की गाड़ी में आग लगने की स्थिति उत्पन्न होने पर कैसे निपटा जा सके, सुरक्षा युक्तियों का पालन करने के लिए सरल और आसान दिशानिर्देश साझा किए। उन्होंने अग्निशामक यंत्र की कार्यप्रणाली के बारे में बताया और आग लगने की संभावनाओं के संबंध में क्या करें और क्या न करें? के बारे में भी बताया। कुछ छात्रों को स्वतंत्र रूप से आग बुझाने वाले यंत्रों को संचालित करने के लिए मंच पर भी बुलाया गया था। मॉक ड्रिल कर विभिन्न तरीके का व्यावहारिक प्रदर्शन किया; हम सुरक्षित तरीकों से विस्फोट होने से बचा सकते हैं। स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ सपना गुप्ता ने बताया कि आग लगने जैसी आपातकालीन स्थिति में दमकल विभाग के हेल्प लाइन नंबर 101 और 112 पर कॉल करके सूचना दें। घबराएं नहीं, धैर्य से काम लें। यह सत्र जानकारीपूर्ण और जीवन-रक्षक कौशल पर एक अनिवार्य सबक साबित हुआ। स्कूल की प्रबंधक समिति ने बताया कि मॉक ड्रिल का आयोजन करवाने का मुख्य उद्देश्य यहीं है कि यदि कोई भी आपातकालीन स्थिति आती है तो उससे निपटने के लिए हम तैयार रहें। हमें इस स्थिति में घबराना नहीं चाहिए, बल्कि स्थिति से किस प्रकार निपटा जा सकता है, इसके लिए कार्य करने चाहिए।

## महिला प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत: भाजपा जिला कार्यालय के** सभागार में की अग्रवाल समाज की प्रमुख महिलाओं व समाजसेवी संस्थाओं कि महिला प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आशु शेरा ने की पिछड़ा वर्ग कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरपर्सन निर्मल बैरागी मुख्य अतिथि रहीं भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और पूर्व मेयर अवनीत कौर ने बैठक को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया मुख्य अतिथि निर्मला बैरागी ने कहा कि जहाँ भारतीय लोकतंत्र को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है वही महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का सबसे बड़ा राजा कहा गया है उन्होंने कहा कि सर्वहारा वर्ग का यदि उत्थान करना है तो उन्हें देशभक्ति, राष्ट्रवाद और समाजवाद के साथ मुख्य धारा में लाना होगा` भारतीय जनता पार्टी पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अन्त्योदय की विचारधारा पर चलते हुए देश में सच्चा समाजवाद स्थापित करने की राह पर चल रही है उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव मद्देनजर भाजपा देश भर में महिलाओं को अपने साथ जोड़ना चाहती है केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों की सरकारों ने महिलाओं की आत्मनिर्भरता और उनके हित को लेकर कई योजनाएं शुरू की हैं यही नहीं अब संकल्प घोषणा पत्र 2024 में देश की तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है इसलिए महिला वर्ग को आगामी 25 मई को भाजपा के हक में अधिकतम मतदान करने के लिए गाँव-गाँव और गली-गली जाकर महिलाओं को भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को जीत दिलवाने के लिए जुट जाना चाहिए।

## मनोहर लाल का प्रवास कार्यक्रम 2 मई को गांव कैथ से शुरू होगा

**टीम एक्शन इंडिया**



**पानीपतः इसराना विधानसभा** के जनसंपर्क कार्यक्रमों के नियमित पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार मनोहर लाल के प्रवास कार्यक्रम 2 मई 2024 शाम 4:00 बजे गांव कैथ से शुरू होकर परढाना ,खलिला ,अहर, अलुपुर, भंडारी,ओसर मतलोडा ,भालसी,उंटला,खुखराना, सोधापुर सहित 13 गांवो से होकर सोधापुर में समाप्त होंगी। भाजपा नेता सत्यावान शेरा ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री करनाल लोकसभा से सांसद उम्मीदवार मनोहर लाल इन सभी सभी गांवों में भाजपा कार्यकर्ता व आमजन फूल माला डालकर स्वागत करेंगे सभी भाजपा नेताओं ने जनसंपर्क यात्रा प्रबंधन के नाते सभी गांवों का दौरा किया।

## 1 मई को समालखा में सभा का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**केन्द्रीय श्रमिक संगठन-** आल इंडिया यूनाईटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) जिला कमेटी पानीपत के बुलावे पर आगामी पहली मई को सुबह 9 बजे गोल्डन पार्क समालखा में एक सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मई दिवस के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

**कमेटी की बैठक**

**8 संगठित होकर शोषण, जुल्म व अन्याय-अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष करने की अहद लेने का दिन है**

**विदित रहे यह दिन पूरी दुनिया के मेहनतकश** - मजदूरों को अपने अधिकारों की प्राप्ति हेतु संगठित होकर शोषण, जुल्म व अन्याय - अत्याचारों के खिलाफ संघर्ष करने की अहद लेने का दिन है । पहली मई 1886 को शिकागो शहर के मजदूरों ने 8 घंटे का कार्य दिवस करने की मांग पर एक बडा आंदोलन किया था । जिसे उस वक्त के शासकवर्ग ने कुचलने में पूरी शक्ति लगा दी थी । मजदूरों ने कुर्बानियां दी और दुनिया भर की मालिक परस्त सरकारों ने इस मांग को कानून बना कर पूरा करना पड़ा था। आज हमारे देश के मजदूरों को किन हालातो में काम करना पड़ रहा है? यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। संघर्षों से अर्जित श्रम कानूनों को बदल कर कॉपोरेट प्रस्त बनाने हेतु सरकार चार लेबर कोड ले आई। वेतन कटौती करने, कार्यभार बढ़ाने, अल्प अवधि नियुक्तियां करने , 8 घंटे से 12 घंटे कार्य दिवस करने , छंटनी,तालाबंदी जैसे अनेक श्रमिक विरोधी प्रावधान लाकर संस्था प्रबंधको को तमाम तरह की जवाब देही से मुक्त किया जा रहा है । एक मई को होने वाली इस जनसभा को एआईयूटीयूसी हरियाणा प्रदेश कमेटी के सचिव कामरेड हरिप्रकाश संबोधित करेंगे। जो मई दिवस के इतिहास व मौजूदा स्थिति पर केंद्रीय श्रमिक संगठन- एआईयूटीयूसी के पक्ष को रखेंगे। इस सभा में अन्य यूनियनों के साथ - साथ कारखाना मजदूर यूनियन समालखा भी अनेक मजदूरों सहित इस सभा में बढ-चढ कर हिस्सा लेगी ।

## आर्य कॉलेज में हुआ पासपोर्ट अवेयरनेस शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**



**पानीपतः आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय** की पासपोर्ट सेल द्वारा आज पासपोर्ट अवेयरनेस कैंप लगाया गया। इस कैंप में लगभग 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों में मुख्यतः तृतीय वर्ष के विद्यार्थी थे। आज के इस कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता द्वारा किया गया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने अपने संबोधन में बोलते हुए कहा कि महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को पासपोर्ट बनवाने के लिए सभी जरूरी जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है। इसके साथ ही जो विद्यार्थी विदेश की किसी भी यूनिवर्सिटी में अपनी उच्चतर शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं वह विद्यार्थी कॉलेज से लेटर ऑफ रिकमेंडेशन ले सकते हैं। विद्यार्थी किसी भी प्रकार की पासपोर्ट संबंधित सहायता या विदेश में किसी भी विषय पर पढ़ाई करना चाहने वाले विद्यार्थी महाविद्यालय के पासपोर्ट सेल के नोडल अधिकारी डॉक्टर बलकार सिंह या टूरिज्म डिपार्टमेंट के अध्यक्ष प्रो अंकुर मित्तल से किसी भी समय मिल सकते हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रो अंकुर मित्तल ने पासपोर्ट बनवाने के समय ऑनलाइन फॉर्म भरते करते हुए जो दिक्कत आती हैं, उनको निराकरण करने के लिए उपाय बताएं।

कार्यक्रम के अंत में डॉ बलकार सिंह द्वारा विदेश की यूनिवर्सिटी द्वारा भारत के विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न प्रकार की स्कॉलरशिप जैसे कॉमनवेल्थ स्कॉलरशिप और डॉड फैलोशिप इत्यादि पर जानकारी दी। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी को हार्दिक बधाई दी। इस कार्यक्रम में प्रो ललिता, प्रो कोमल और अजमेर सिंह उपस्थित रहे।

**जागरूक किया**

**8 विद्यार्थियों को पासपोर्ट बनवाने के लिए सभी जरूरी जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है**

## साध्वी प्रतिमा के सानिध्य में मनाया संत आसाराम बापू का अवतरण दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अंबालाः अंबाला के** पंजोखरा तोपखाना रोड स्थित संत आसाराम बापू आश्रम में श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा सत्संग का आयोजन करवाया गया जिसमें बापू की शिष्य प्रतिमा बहन ने सैकड़ो श्रद्धालुओं को सत्संग सुनाया। यह कार्यक्रम आसाराम बापू के 88 में अवतरण दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया प्रवक्ता ने बताया कि हम जब ब्रह्म ज्ञानी महापुरुष से नाम की प्राप्ति कर लेते हैं। तो उस नाम महाराज की कृपा से हमारे अंदर के काम क्रोध लोभ और मोह नष्ट होने लगते हैं तथा हमारे अंतःकरण में भगवान के दिव्य गुण प्रकट होने लगते हैं जिस कारण हमारा हृदय परिवर्तित हो जाता है। परिणाम स्वरुप हमारा ईश्वर में ध्यान लगने लगता है उन्होंने कहा कि जिन्होंने भी बापू से मंत्र दीक्षा प्राप्त की है। उनका अनुभव ही न्यारा होता है दूसरी ओर जो पूनम व्रतधारी बापूजी के दर्शन करके ही जल ग्रहण करते हैं।

## संपादकीय

# ईरान-इजराइल संघर्ष और भारतीय

**क्या आप** जानते हैं कि ईरान और इजराइल के बीच होने वाले संघर्ष सबसे ज्यादा असर भारत पर पड़ने वाला है। अगर इन दोनों देशों के बीच संघर्ष लंबा खिंचता है तो डॉलर में मजबूती आएगी और भारतीय रुपया कमजोर हो जाएगा। इससे विश्व में तो मुद्रास्फीति बढ़ेगी लेकिन भारत में न केवल महंगाई बहुत अधिक बढ़ जाएगी बल्कि इससे भारत की अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। दरअसल, पश्चिम एशिया में तनाव तो उसी समय बढ़ गया था जब हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला कर दिया था। उसके बाद इजराइल ने गाजा पटटी पर हमास ने तबाड़तोड़ हमले किए। लेकिन जिस तरीके से इजराइल ने 1 अप्रैल 2024 को सीरिया स्थित ईरान के दूतावास पर हमला किया, उससे पश्चिम एशिया में तनाव गहरा गया । ईरान ने इसकी प्रतिक्रिया इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से सीधा हमला कर दिया। उसके बाद इजराइल ने ईरान पर जवाबी हमला किया। इस संघर्ष के चलते पश्चिम एशिया में तो जबरदस्त तनाव तो है लेकिन इस संघर्ष का असर भारत सहित संपूर्ण विश्व पर पड़ना तय है।

हम यह भलीभांति जानते हैं कि आज अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और चीन जैसे देश अपने हथियारों के व्यापार को चमकाने के लिए किसी न किसी के साथ खड़े हैं। इन देशों की विदेश और रक्षा नीति में यह रणनीति और मंशा होती है कि विश्व में कहीं न कहीं युद्ध चलता रहने चाहिए ताकि उनके हथियारों की आपूर्ति ऐसे देशों में होती रहे और उनके देश की अर्थव्यवस्था सशक्त बनी रहे। इजराइल व ईरान के बीच युद्ध का इन दोनों देशों पर तो विपरीत असर पड़ेगा लेकिन इन दोनों देशों के बाद इसका सबसे प्रतिकूल असर भारत में कच्चे तेल की कीमतों पर वृद्धि के तौर पर पड़ेगा। आज भारत कच्चे तेल का विश्व में तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। विश्व को कुल कच्चे तेल का एक-तिहाई हिस्सा पश्चिम एशिया से ही मिलता है। ईरान और इजराइल के बीच चलने वाले संघर्ष के चलते कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने लगी हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने के कारण परिवहन महंगा हो जाता है और इसका सीधा असर अन्य उत्पादों की कीमतों पर पड़ने लगता है। अगर यह संघर्ष लंबा चला तो डॉलर की स्थिति मजबूत होगी और भारतीय रुपया कमजोर हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि ईरान लेबनान में हिजबुल्ला, यमन में हूती और फिलिस्तीन में हमास आतंकी संगठनों को समर्थन देता है और समय-समय पर वह उनकी मदद भी लेता है। ऐसी स्थिति में ईरान इन संगठनों की मदद फारस खाड़ी से खुले महासागर में जाने वाले एक मात्र समुद्री स्ट्रेट को बाधित कर सकता है। और अगर ऐसा होता है तो वैश्विक स्तर पर व्यापारिक आवागमन पर इसका गहरा प्रभाव पड़ना भी तय है। इस बात में सोलह आने सत्यता है कि विगत दस वर्षों से इजराइल के साथ भारत के काफी घनिष्ठ संबंध रहे हैं। इजराइल भारत को आतंकवाद के खिलाफ सहयोग देता रहा है। भारत इजराइल से रक्षा उपकरणों की भी आपूर्ति लेता रहा है। इजराइल भारत का एशिया में दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक दोस्त है। इजराइल में लगभग 20 हजार भारतीय रहते हैं। वहां पर साफ्टवेयर प्रोफेशनल्स, हीरा व्यापारी, स्टूडेंट्स और मजदूर रहते हैं।

# मंगलसूत्र : महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा देने वाला वैवाहिक बंधन

वीरेंद्र बहादुर सिंह

> "दक्षिण भारत में मंगलसूत्र के बीच लक्ष्मीजी के चित्र वाला मंगलसूत्र बनता है। लक्ष्मीजी समृद्धि का प्रतीक होने से कन्या जिस घर में जाती है, उस घर में समृद्धि ले कर जाती है, यह मान्यता होने से लक्ष्मीजी को केंद्र में रखा जाता है। तमिल में मंगलसूत्र के बीच कुंभ की डिजाइन देखने को मिलती है। कुंभ यानी मिट्टी का घड़ा। इसे धन्य-धान्य का प्रतीक माना गया है, इसलिए कन्या को अन्नपूर्णा मान कर ससुराल वाले स्वीकार करते हैं। आंध्रप्रदेश में कन्या को 2 मंगलसूत्र मिलते हैं। एक वरपक्ष देता है तो दूसरा मायके की ओर से मिलता है। परंपरागत मंगलसूत्र सूत्र में दोनों ओर काले मोती और बीच में सोने का पैंडल होता है। अब इसमें अपार डिजाइनें उपलब्ध हैं"

**'मंगल** यानी शुभ और सूत्र यानी बंधन। मंगलसूत्र यानी शुभबंधन।'

मंगलसूत्र की यह व्याख्या संस्कृत साहित्य से आई है। ईसापूर्व चौथी सदी में संपादित संस्कृत ग्रंथ ब्रह्मांड पुराण में ललितासहस्त्र में देवियों के हजार नाम दिए हैं। इसमें जो मंगलम्‌ सूत्रम का उल्लेख है, पति वैवाहिक विधि के रूप में पत्नी के गले में एक बंधन बांधता है, यह रस्म यानी मंगलसूत्र। इस विधि को मांगल्य धारणम्‌ भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यह सूत्र धारण करने से शुभ होता है और बुराई दूर रहती है। संस्कृत में लिखे अनुसार, मांगल्य सूत्र से ले कर मंगल धर्मसूत्र, मांगल्य सूत्रम्‌ जैसे तमाम नामों से मंगलसूत्र का उल्लेख होता रहा है। आदिगुरु शंकराचार्य के सौंदर्य लहरी में भी मंगलसूत्र के बारे में लिखा गया है। उस समय मंगलसूत्र का अर्थ शायद आज जैसा नहीं था। मंगलसूत्र यानी कि एक तरह की माला। वह सोने की हो, ऐसा उल्लेख नहीं है। वह रेशम के धागे की हो या फिर अन्य किसी चीज की टिकाऊ माला हो। इतिहासकारों का एक मत यह भी है कि विवाह के समय मंगलसूत्र पहनने के बाद अन्य तमाम चीजों की तरह उसे भी संभाल कर रख दिया जाता था। यह भी कहा जाता है कि भारत में छठी सदी से राजपरिवारों और जमीदारों में विवाह होते समय कन्या को मंगलसूत्र पहनाने की परंपरा शुरू हुई थी।तमाम लोग यह भी मानते हैं कि मंगलसूत्र एक प्रकार के धार्मिक बंधन की तरह पहने जाने वाली चीज है, इसलिए महिलाएं विवाह के बाद मंगलसूत्र पहनती हैं। यह बंधन पुराना हो जाए तो इसे बदला भी जा सकता है। जनेऊ की तरह। सदियों तक मंगलसूत्र का इधर-उधर उल्लेख मिलता है और इसमें खास कुछ स्पष्टता नहीं है। शुरूआत में एक पीले धागे को हल्दी में रंग कर लाल-काली मोतियों का हार बनाया जाता था। विवाह के समय पति के परिवार की महिलाएं, खास कर मां या बहनें कन्या के गले में उस हार को पहना कर घर-परिवार में उसका स्वागत करती थीं। सदियों पहले यह मान्यता थी कि यह सूत्र पहन कर कन्या घर आएगी तो सब शुभ होगा और अमंगल का नाश होगा।

सोना सहित कीमती धातु से मंगलसूत्र कब से बनने लगा, इसका कोई व्यवस्थित इतिहास नहीं है। इसलिए किस सदी से सोने-चांदी का मंगलसूत्र विवाह में कन्या को पहनाना शुरू हुआ, इसे स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता। परंतु सोने-चांदी का



मंगलसूत्र भारत में बहुत बाद में शुरू हुआ है। सदियों पहले मंगलसूत्र यानी हल्दी में रंग कर पवित्र किए गए धागे में गूंथ कर तैयार की गई माला। सिंधु घाटी संस्कृति की खुदाई के दौरान शोधकताओं को मंगलसूत्र की निशानी मिली है। वह मंगलसूत्र आज की तरह भले नहीं था, पर शोधकताओं का मानना है कि प्राचीनकाल में भी भारत में रहने वाली इस संस्कृति की महिलाएं विवाह के बाद गले में मंगलसूत्र धारण करती रही होंगी। पर सही अर्थ में भारत में 15वीं या 16वीं सदी में मंगलसूत्र पति की लंबी आयु के लिए पहनना शुरू हुआ। पर यह गहने के स्वरूप में नहीं था। शादी के बाद महिलाएं साधारण मोतियों की माला बना कर पहनती थीं। समय के साथ मंगलसूत्र विवाहित महिलाओं का सिंबल बन गया। पति का परिवार कन्या को विवाह के समय मंगलसूत्र देने लगा। धनी परिवार कीमती माला का मंगलसूत्र बनवाता है। कन्या की ससुराल कितनी धनी है, यह मायके वालों को मंगलसूत्र से पता चलता है। सहेलियां मंगलसूत्र से जान लेती हैं कि दुल्हन को बहुत पैसे वाला पति मिला है।

भारत में वर्ण व्यवस्था थी, तब अमुक वर्ण में ही कन्या विवाह के समय मंगलसूत्र पहनती थी। तमाम जातियों में ऐसा कोई रिवाज नहीं था। शायद इसके पीछे का कारण आर्थिक भी हो सकता है। मंगलसूत्र बनाने के लिए मोती चाहिए। भारत में ऐसी समृद्धि नहीं थी कि यह सभी जाति वालों को रास आए। परिणामस्वरूप विवाह में मंगलसूत्र काफी समय तक जरूरी गहना नहीं माना जाता था। इस तरह मंगलसूत्र एक धागे से कीमती धातु का गहना बना। इसे लेकर अलग-अलग प्रदेशों में अलग-अलग डिजाइनें और मान्यताएं हैं। दक्षिण भारत में मंगलसूत्र के बीच लक्ष्मीजी के चित्र वाला मंगलसूत्र बनता है। लक्ष्मीजी समृद्धि का प्रतीक होने से कन्या जिस घर में जाती है, उस घर में समृद्धि ले कर जाती है, यह मान्यता होने से लक्ष्मीजी को केंद्र में रखा जाता है। तमिल में मंगलसूत्र के बीच कुंभ की डिजाइन देखने को मिलती है। कुंभ यानी मिट्टी का घड़ा। इसे धन्य-धान्य का प्रतीक माना गया है, इसलिए कन्या को अन्नपूर्णा मान कर ससुराल वाले स्वीकार करते हैं। आंध्रप्रदेश में कन्या को 2 मंगलसूत्र मिलते हैं। एक वरपक्ष देता है तो दूसरा मायके की ओर से मिलता है। परंपरागत मंगलसूत्र सूत्र में दोनों ओर काले मोती और बीच में सोने का पैंडल होता है। अब इसमें अपार डिजाइनें उपलब्ध हैं। तमाम परिवारों में सोने से लदा भारी भरकम मंगलसूत्र दिया जाता है, जो विवाह के दिन एक तरह से वरपक्ष की धन-संपदा दिखाने के लिए होता है। एक रूटीन में तिथि-त्योहार पर पहनने के लिए हल्का यानी पतला मंगलसूत्र मिलता है। पूरा सेट एक साथ ही तैयार होता है।

इतिहासकार इस बात से सहमत हैं कि हिंदू विवाह में मंगलसूत्र का कांसेप्ट नहीं था। इसमें सोने-चांदी का मंगलसूत्र तो बहुत बाद में आया। भारत में 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरूआत में बंगाल और दक्षिण भारत के प्रदेशों में मंगलसूत्र हिंदू विवाहों का अभिन्न अंग माना गया। इस बंधन के बगैर विवाह अधूरा माना जाता था। यहां तक कि कुछ जातियों में तो विवाह होने के बाद महिलाओं को हमेशा मंगलसूत्र पहनना पड़ता था। मंगलसूत्र न पहनने पर इसे अशुभ माना जाता था। जिस तरह नाक में सोने-चांदी की कील पहनना सौभाग्य की निशानी है, उसी तरह मंगलसूत्र पहनना भी सौभाग्य का पर्याय बन गया।

कहा जाता है कि उत्तर भारत में मंगलसूत्र की परंपरा बहुत बाद में शुरू हुई। इन इलाकों में विवाह के बाद महिलाएं कंठी पहनती थीं। मंगलसूत्र के बजाय पैरों में पायल-बिछिया और हाथ में चूड़ियों को सौभाग्य का प्रतीक मानती थीं। भारतीय आभूषणों के इतिहास में इतिहासकारों के अनुसार विवाह के बाद दुल्हन मंगलसूत्र पहने यह आधुनिक परंपरा है। सदियों पहले मंगलसूत्र विवाह विधि में अभिन्न हिस्सा नहीं था। इंडियन ज्वेलरी : द डांस आफ पिकोक में डा.ऊषा बालकृष्णन और मीरा सुशील कुमार कहती हैं कि ये आभूषण महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा के लिए बहुत उपयोगी साबित होते थे। उस समय जब महिलाओं को संपत्ति में हिस्सा नहीं मिलता था, उस समय सोने के गहने ही उनकी संपत्ति होते थे। अक्सर यह दलील भी दी जाती है कि फिल्मों-टीवी धारावाहिकों की वजह से मंगलसूत्र को लोकप्रियता मिली है और इसमें मार्केटिंग का कांसेप्ट मिला तो विवाह में मंगलसूत्र जरूरी बन गया। इन सभी दलीलों-उदाहरण-थियरी के बीच आज यह हकीकत माननी पड़ेगी कि हिंदू विवाह में मंगलसूत्र केंद्र में है। भारत के अलावा नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका में भी मंगलसूत्र की परंपरा है।

सदियों से हिंदुस्तान के साथ ताल मिलाते हुए यहां तक पहुंचा यह पवित्र शुभ धागा अब राजनीतिज्ञों के दिमाग में चढ़ गया है। अब देखते हैं यह कितना सुरक्षित है।

**विवाह मंगलसूत्र जरूरी नहीं**

एक महिला का मामला मद्रास हाईकोर्ट में पहुंचा था। हाईकोर्ट ने 2009 में अपना फैसला सुनाते हुए कहा था कि हिंदू मैरिज एक्ट के अनुसार विवाह में मंगलसूत्र पहनना जरूरी नहीं है। विवाहित हैं यह दिखाने के लिए महिलाओं को मंगलसूत्र पहनना अनिवार्य नहीं है। मंगलसूत्र न पहनने वाली महिला को जबरदस्ती मंगलसूत्र नहीं पहनाया जा सकता। जस्टिस एम एम सुदेश का यह फैसला देश भर में महत्वपूर्ण माना गया था। इस मामले में मंगलसूत्र न पहनने से पति ने पत्नी को उसके अधिकार देने से मना कर दिया था। 1987 में पुजारी की हाजिरी में विवाह हुआ था। पर मंगलसूत्र नहीं पहनाया गया था, इसलिए पति ने यह विवाह स्वीकार नहीं किया था।

## कविता

### सुख और अवसाद

नदिया, पहाड़ और झरने
सदैव एक से होते हैं
ना बाढ़ से परेशान
ना सुखे से हलाकान,
पहाड़ चट्टान सदृश्य कठोर
नदियों में निर्बाध प्लावन
झरनों में स्निग्धता।
परिस्थितियों भी
मौसम की तरह है
कभी सावन, कभी
भादो,कभी आषाढ़
कभी भयानक सूखा
कभी भयानक बाढ़,
हे मनुष्य,
जीवन तो जीवन है
तेरा,मेरा नहीं सबका है,
क्यों ना हम निस्पृह रहें,
इन पेड़ों और पत्तियों
टहनियों की तरह
ना बारिश से परेशान
ना पतझड़ से हैरान।
सुख और आनंद
दुख और अवसाद
चाहत का अतिरेक
स्पृहा का मोहपाश
मोह के मायाजाल

संजीव
---------

# नागरिकों के अधिकारों का भी सम्मान करें

डॉ. आशीष वशिष्ठ

**हरियाणा** से सटे पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन के पास किसानों के रेल रोको आंदोलन का असर बढ़ता चला जा रहा है और आंदोलन से प्रभावित रेलगाड़ियों की तादाद भी बढ़ती चली जा रही है। अंबाला-लुधियाना रेल खंड पर शंभू रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे लाइनों पर 17 अप्रैल से बैठे किसानों की वजह ये रविवार 28 अप्रैल तक यानी 12वें दिन 2205 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो चुका है। इसमें से 955 ट्रेनों को पूर्ण रूप से रद्द किया है, जबकि 1067 को बदले मार्ग से और 181 ट्रेनों को बीच रास्ते रद्द करके पुनः चलाया गया है। इस दौरान 200 के करीब मालगाड़ियों को भी मुख्य लाइन से गंतव्य तक भेजा गया। वहीं कुछ ट्रेनों के रूट भी बदले गए हैं। मुसाफिरों को बढ़ती तपिश के बीच भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों के रद्द होने से रेलवे को करोड़ों रुपये का नुकसान हो चुका है, हालांकि मुख्यालय स्तर पर अभी इसका आकलन किया जा रहा है ऐसे में सवाल यह है कि आखिरकार अपनी मांगें मंगवाने के लिए आम नागरिकों को परेशानियों में डालना कहां तक उचित है? क्यों किसानों और सरकार के बीच मांगों को लेकर सहमति नहीं बन रही? क्या किसानों की मांगें अनुचित हैं? क्या आंदोलनकारी किसानों के कंधे पर बंदूक रखकर राजनीतिक निशान लगा रहे हैं? लोकतांत्रिक व्यवस्था अपने नागरिकों बात कहने और रखने की स्वतंत्रता देती है। लेकिन ये छूट या स्वतंत्रता जब स्वच्छंदता में बदल जाती है, तो निरंकुशता को दौर शुरू हो जाता है। जिसके नतीजे विनाशकारी होते हैं। अब जरा सोचिए किसान आंदोलनकारियों के चलते जो यात्री ट्रेन रूट से यात्रा कर रहे हैं, उन्हें कितनी मुसीबतें दरपेश आ रही होंगी। ट्रेन संचालन बाधित करना ही अगर आंदोलनकारी अपनी सफलता मानते हैं, तो वो किसी गफलत में हैं। सरकार राजस्व का नुकसान होगा, वो आज नहीं तो कल आम आदमी के जेब से वसूला जाएगा। आंदोलन हो या फिर सरकारी घाटे की भरपाई दोनों ओर आम आदमी ही पिसा जाएगा। किसान लंबे समय से आंदोलनरत हैं। किसानों की न्यायसंगत मांगों को पूरा किया जाना चाहिए। किसानों की मांगें पूरी हो जाती तो सड़क व रेल यातायात बाधित भी नहीं होता। वैसे किसानों को भी आंदोलन करने से पहले देश काल-परिस्थितियों का आकलन कर लेना चाहिए था। देश इस समय चुनावी मूड में है। कोई भी सरकार किसानों से जुड़े किसी मुद्दे पर बड़ा फैसला लेने में सक्षम नहीं है। किसानों को नये जनादेश का इंतजार करके किसान आंदोलन को दिशा देनी चाहिए थी। किसानों को देश व समाज के अहसासों का भी ध्यान रखना चाहिए। कल्पना कीजिए कि रेल यात्रा करने वाले लोगों को जब अचानक सूचना मिलती है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है तो उन पर क्या बीतती होगी? लोग घंटों रेलवे टिकट बुकिंग केंद्रों पर खड़े होकर अपने लिए टिकट आरक्षित करवाते हैं। कई महीने पहले एडवांस में रिजर्वेशन करवाना पड़ता है।

## विचार

# कठिन परिस्थितियां बताकर नहीं आतीं

संजीव

**जीवन** में कठिन परिस्थितियों कभी बता कर नहीं आतीं हैं, इसीलिए मनुष्य को हर कठिन तथा विषम परिस्थिति के लिए सदैव सजग तथा सावधान रहने की आवश्यकता है। खुशियां तथा अवसाद हर मनुष्य के जीवन के दो पहलू हैं अब यह आप पर निर्भर है कि आप इन परिस्थितियों को किस तरह अपने जीवन में आत्मसात कर संतुलित करते हैं। जीवन एक गणित की तरह है कभी-कभी दो और दो चार तथा कभी दो और दो पांच भी हो जाते हैं दो और दो पांच का मतलब विषम परिस्थितियों का सामना करना।वैसे भी जीवन मैं ऊंचाइयां पाने के लिए सदैव संघर्षरत रहना होता है। सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है,पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैं' यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता है' मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया है' मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता है' एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊजार्वान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता है' जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैं' आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊजार्वान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए ।इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिए' मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया ।इसमें निसंदेह महात्मा गांधी, सरोजनी नायडू, सरदार वल्लभ भाई पटेल,जवाहरलाल नेहरू, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और न जाने कितने उदाहरण हैं जिन्होंने अपनी मानसिक शारीरिक शक्ति तथा ऊर्जा के दमखम पर देश को अंग्रेजों के चंगुल से निकाल कर आजादी की हवा की सांस लेने का देशवासियों को मौका दिया है।हम उनका नमन करते हैं उन्हें श्रद्धांजलि भी देते हैं और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प को आदर्श के रूप में लेकर अपने जीवन में उतारने का प्रयास भी करेंगे। दुनिया में अपनी मानसिक शक्ति और संकल्प से अनेक असंभव कार्य को सफलतापूर्वक संचालित संपादित करते हुए अनेक उदाहरण मिलेंगे जो वाकई में इस दुनिया के और हम सबके आदर्श महान लोग हैं। व्यक्ति यदि सादगी, ईमानदारी और निरंतरता के साथ किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने का सार्थक एवं सर्वोच्च प्रयत्न करता है, तो निसंदेह सफलता उनके कदम चूमती है और वे व्यक्तियों के लिए, समाज के लिए तथा देश के लिए आदर्श पुरुष होते हैं। कोई भी महान या आदर्श व्यक्ति आसमान से अचानक नहीं आता है वह इसी धरती में पैदा हुआ सामान्य मनुष्य ही है जिसने अपने संघर्ष, इच्छा शक्ति, अदम्य साहस ,संयम और संतुलन से अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर अपने आपको समाज से अलग कर एक आदर्श रूप में प्रस्तुत किया है। मनुष्य का हृदय या मन अनंत ऊर्जा और शक्ति का बहुत बड़ा स्रोत होता है।



# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# काम और पढ़ाई में संतुलन कैसे बनायें

विजय गर्ग

**पढ़ाई के** साथ-साथ काम करना कोई नई अवधारणा नहीं है। यह अवधारणा पश्चिमी देशों में काफी समय से सफल रही है लेकिन हमारे देश में यह एक नई अवधारणा है। पश्चिमी देशों में लगभग 60% छात्र ऐसे हैं जो अपनी ' शिक्षा का खर्च स्वयं उठाते हैं। हालाँकि आपकी उच्च शिक्षा फीस की पूरी राशि का योगदान करना संभव नहीं है, फिर भी पढ़ाई के दौरान काम करने से एक छात्र को अपनी शिक्षा में कम से कम कुछ योगदान करने में मदद मिल सकती है। हालाँकि यह कई लोगों के लिए बड़ी रकम नहीं हो सकती है, फिर भी इसमें शामिल आनंद और संतुष्टि की मात्रा अन्य सभी तथ्यों पर भारी पड़ती है। पढ़ाई के दौरान काम करना दो तरह से हो सकता है: कॉलेज में कार्य-अध्ययन का विकल्प अंशकालिक नौकरी पहला विकल्प कार्य-अध्ययन कार्यक्रम को चुनना है। यदि आप किसी कार्य-अध्ययन कार्यक्रम में भाग लेते हैं तो आप परिसर में प्रदान की गई अपनी सेवा के लिए धन और प्रति घंटा वेतन प्राप्त कर सकते हैं, जो आपकी क्षमता के आधार पर किसी भी सीमा तक हो सकता है।

कार्य-अध्ययन के लिए कई अलग-अलग अवसर हैं, इसलिए छात्रों के लिए उनके विषय से संबंधित कुछ खोजने का अच्छा मौका है। छात्रों को या तो कॉलेज या विश्वविद्यालय, किसी राष्ट्रीय, राज्य या स्थानीय सार्वजनिक एजेंसी द्वारा नियोजित किया जा सकता है; एक निजी गैर-लाभकारी संगठन; या एक निजी लाभकारी संगठन। ऐसी भी संभावना है कि छात्रों को सामुदायिक शिक्षण कार्यक्रमों के लिए काम करने के लिए कहा जा सकता है जो कुछ कमाई के अनुभव के साथ-साथ कुछ प्रकार की आंतरिक संतुष्टि भी देते हैं। पढ़ाई के दौरान कमाई का एक अन्य विकल्प ऑफ-कैंपस अंशकालिक या पूर्णकालिक नौकरी हो सकता है। हालाँकि पूर्णकालिक पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले छात्र पूर्णकालिक नौकरी के लिए नहीं जा सकते हैं, फिर भी वे अंशकालिक नौकरी का प्रबंधन कर सकते हैं जो इन दिनों युवाओं के बीच बहुत लोकप्रिय है।

# जाति और सामाजिक स्थिति: जाति की गंध

डॉ. सुरेश कुमार

**इस बात की** सच्चाई है कि हर इंसान अपनी जाति और सामाजिक स्थिति के साथ पैदा होता है। और जैसे ही वह इंसान बनता है, उसके साथ उसकी जाति और समाज की गंध भी आती है। यह गंध उसके चारों ओर अपने प्रभाव को बिखेरने लगती है। लोग उसे अपना बनाने की कोशिश करते हैं, उसे अपने नेता बनाने का प्रयास करते हैं। राजनीतिक धुरंधरों ने इस गंध का लाभ उठाया और लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए इस्तेमाल किया। वे अपनी जाति की गंध को फैलाते हुए, लोगों को बहका देते हैं, ताकि उन्हें अपने वश में कर सकें। राजनीतिक बाजार में, इस गंध की जगह अर्थशास्त्रियों की जगह गंधविद्या का काम करता है। लेकिन यहाँ की सच्चाई यह है कि कुछ लोग अपनी जाति या समाज की गंध के बिना ही उसी तरह से बड़े और महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उनके पास कोई विशेष गंध नहीं होती, फिर भी वे लोगों को प्रभावित करने में सक्षम होते हैं। उनका मान लेना ही नहीं, बल्कि उन्हें अपना मानना शुरू हो जाता है।

राजनीतिक धुरंधरों के लिए यह सच्चाई स्वीकार करना मुश्किल है। वे चाहते हैं कि लोग उनके बिना गंध के भी उन्हें मानें, लेकिन इस बहुजातीय समाज में, उनके खुद की जाति या समाज के लोगों के लिए ही कुछ होना चाहिए। लेकिन वास्तविकता यह है कि जो लोग अपनी जाति या समाज की गंध को छोड़कर आगे बढ़ते हैं, वे ही अक्सर सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उनकी गंध का कोई स्थान नहीं होता, लेकिन वे लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में सक्षम होते हैं। जातीय गंध में इतनी आकर्षण शक्ति होती है कि उससे कुछ भी हो सकता है। लोग अपनी जाति के लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए उस गंध का इस्तेमाल करते हैं। और जैसे ही वे उन्हें अपने बनाते हैं, उनका सीना गर्व से फूल जाता है। यह गंध इतनी शक्तिशाली होती है कि लोगों को अपने पड़ोस में रहने वाले भी उस गंध की दुर्गंध महसूस होती है। देश में जातिवाद का अभिशाप इतना है कि यहां लोगों की पहचान उनकी जाति के आधार पर होती है। यही कारण है कि जातिवादी लोगों की आवाज और गुणों को बढ़ावा मिलता है, जबकि वहां दूसरे क्षेत्रों के लोगों को अनदेखा कर दिया जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड की १२वीं साइंस के परिणाम मे वैशाली सिरमौर में प्रथम स्थान पर रही

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** आज हिमाचल की १२वीं साइंस के परिणाम मे नाहन के कैरियर अकादमी स्कूल की वैशाली पुत्री सुरेश शर्मा ने ५०० अंकों में से ४८४ अंक प्राप्त कर जिला सिरमौर में टोप स्थान पाया जिस कारण उस के परिवार वालों के साथ स्कूल के प्रशासन में भी खुशी का माहौल है ।

### ईवीएम की सुरक्षा परिंदा भी पर नहीं मार सकता

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बीते शुक्रवार को मतदान सकुशल संपन्न होने के बाद मंडी समिति में बनाए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीन जमा करा दी गई थी।

स्ट्रांग रूम की निगरानी की सुरक्षा को एक कंपनी पैरा मिलिट्री तैनात की गई है। इसके अलावा 21 मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं, सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

15 सांसद उम्मीदवारों का भाग्य जनता ने ईवीएम में कैद कर दिया है। 4 जून को ईवीएम खुलेंगी और मतों की गणना होगी। मंडी में बनाए स्ट्रांग रूम में ईवीएम को रखा गया है। 4 जून तक तक ईवीएम सुरक्षा बलों के साथ ही सीसीटीवी के कड़े साये में रहेंगी।

सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को भी सहेजा जा रहा है। अब डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह के स्तर से मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। डीएम ने बताया कि 21 मजिस्ट्रेटों को शिफ्टवार ड्यूटी में लगाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी देते हुए सतर्कता पूर्ण ड्यूटी करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही किसी भी संदिग्ध वाहन/व्यक्ति को अंदर प्रवेश न करने देने के लिए निर्देशित किया।

### लापता विद्युत कर्मी का शव मिलने से हड़कंप

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना कोसी क्षेत्र में तीन दिन से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता विद्युत कर्मी का शव आगरा-दिल्ली हाईवे स्थित केडी चौकी के समीप सोमवार सुबह जंगलों में पड़ा मिला है। मृतक का चेहरा कुचला हुआ था। परिजनों ने हत्या कर शव फैंकने का आरोप लगाया है। सूचना पर छाता और कोसी पुलिस मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल शुक्रवार की दोपहर विद्युत सब डिवीजन कार्यालय कोसीकलां में तैनात सेवक कन्हैयालाल संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया था। वह अपने मकान का दरवाजा भी खुला छोड़ गया था। रविवार को घर के अंदर घुसे बंदरों की धमा चौकड़ी को देख पड़ोसियों ने मायके गई पत्नी को मामले की जानकारी दी। रविवार की देर शाम घर लौटी कन्हैया की पत्नी सुनीता ने थाना पहुंच पुलिस से अपने पति को खोजने करने की गुहार लगाई। सोमवार की प्रातः छाता थाना के हाईवे स्थित केडी चौकी के समीप उसका शव मिला। शव पर मात्र नेकर था और चेहरा कुचला हुआ था जिससे हत्या की आशंका है। छाता पुलिस की सूचना पर कोसी पुलिस मौके पर पहुंच गई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

### पाइप फैक्ट्री में भयंकर आग से हड़कंप

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना जैत क्षेत्र में हाइवे किनारे स्थित प्लास्टिक पाइप के गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने इलाका पुलिस के अलावा दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। आग का विकराल रूप देखकर पुलिस ने आसपास के घरों को ग्रामीणों से कहकर खाली कराया। सूचना पाकर मौके पर पहुचें एसएसपी शैलेस कुमार पांडे ने बताया कि पाइपों के गोदाम में अज्ञात कारणों से लगी आग की जांच कराई जाएगी।

सोमवार को गांव जैत में हाइवे किनारे स्थित एक प्लास्टिक पाइपों के गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग में हजारों रुपये के पाइप जलकर राख हो गए तो वही जल निगम की दो पानी की टंकियां भी आग की भेंट चढ़ गई। आग की चपेट में आने से आसपास बने कई मकान फट गई। बिजली के तारों को आग ने पिघलाकर मोम बना दिया। हरे पेट भरभराकर जल उठे। दमकल की कई गाड़ियां घन्टों तक आग को काबू में करने का प्रयास करती रही लेकिन दमकलकर्मियों द्वारा आग पर डाले जाने वाला पानी चुल्लू भर साबित होता दिख रहा था। भयंकर आग के गुबार ने आसमान को चारों तरफ से ढक दिया। आग के गुबार को देखकर कई किलोमीटर दूर के ग्रामीण भयभीत होने लगे।

# जमा दो के परीक्षा परिणाम में ऊना के 10 छात्रों ने पाया मैरिट सूची में स्थान

**परीक्षा परिणाम**

8 ऊना के छात्रों ने न केवल जिला में ही नहीं, ब्लकि पूरे प्रदेश में अपने नाम का डंका बजाया है।



**राजन पुरी/टीम एक्शन इंडिया**

**ऊनाः** सोमवार दोपहर हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित जमा दो के परीक्षा परिणाम में जिला ऊना के छात्रों ने न केवल जिला में ही नहीं, ब्लकि पूरे प्रदेश में अपने नाम का डंका बजाया है। जमा दो के तीनों संकाय में जिला ऊना के १० छात्रों ने मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। इनमें साइंस संकाय में ६, कॉमर्स में तीन व आर्ट्स में एक छात्रा शामिल हैं। आर्ट्स संकाय में ऊना की अर्शिता ने आर्ट्स संकाय में ४९० अंक हासिल कर प्रदेश भर में पहला रैंक हासिल कर स्कूल के साथ-साथ माता-पिता का नाम रोशन किया है।

हर्षिता ने ऊना शहर के डीएवी स्कूल ऊना से पढ़ाई की है। साइंस संकाय की बात करें तो जिला ऊना से ६ छात्रों ने मैरिट सूची में अपनी जगह बनाई हैं। एसडी पब्लिक स्कूल गगरेट की अर्पिता ने ९८ प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश चौथा स्थान पाया है।

वहीं गुरूकुल पब्लिक स्कूल पक्का परोह के छात्र ध्रुव ने ९७.८० अंक प्राप्त करके पांचवा स्थान पाया है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर के कार्तिक शर्मा ने ९७.२ प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में आठवां रैंक पाया है। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बढ़ेड़ा राजपूतां की कोमल ने भी ९७.२ प्रतिशत अंक प्राप्त कर मैरिट सूची में आठवां स्थान पाया है। एसडी पब्लिक स्कूल गगरेट की वंशिका सोहल ने ९७ प्रतिशत अंक लेकर नौवां व इसी स्कूल की अरूषि ठाकुर ने ९६.८ अंक प्राप्त करके दसवां स्थान हासिल किया है। कॉमर्स संकाय में जिला ऊना से तीन छात्रों ने मैरिट सूची में अपनी जगह बनाई है। डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऊना की इशा ने ९७.४० अंक हासिल कर मैरिट सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं एसएम विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल मैहतपुर की राधिका ने ९५.४० अंक प्राप्त कर सातवां स्थान पाया है।

## राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाना में मतदाता जागरूक रैली निकाली गई

**समालखाकुलदीप सिंह/टीम एक्शन इंडिया**

समालखा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाना में मतदाता जागरूक रैली निकाली गई जिसके माध्यम से गांव वालों को मत देने के प्रति प्रेरित किया गया उन्हें वोट के महत्व के बारे में बताया गया और यह भी बताया गया कि एक लोकतांत्रिक देश के वोट का कितना महत्व होता है देश के कर्णधार चुनने में प्रत्येक वोटर के मत का महत्व .होता है और जितना अधिक मतदान होगा उतना ही लोकतंत्र मजबूत होगा क्योंकि चुने जाने वाली सरकार बहुमत की होगी रैली के



अतिरिक्त विभिन्न प्रतियोगिताओं का जैसे कि निबंध लेखन पेंटिंग स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं .का आयोजन किया गया इस के माध्यम से छात्रों ने वोट का महत्व बताते हुए अपने विचारों को व्यक्त किया इस अवसर पर प्रधानाचार्य सीमा बाजार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा

## हरियाणा राज्य पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

मेटल हेल्थ क्लब एवं जिला सोनीपत पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा हरियाणा राज्य पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन भगवान महावीर इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियरिंग, फाजिलपुर के सभागार में किया गया। यह प्रतियोगिता 26 तारीख से शुरू हुई जिसका समापन 28 अप्रैल को हुआ।

समापन के अवसर पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने पहुंचकर विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। खेलों के प्रति कहावत भी है कि पढोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब और खेलोगे कूदोगे तो बनोगे बलवान। उन्होंने आगे बताया कि विभिन्न आयु एवं भार वर्ग की सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर (मेन/वीमेन) प्रतियोगितायें हुई और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये गये।



प्रतियोगिता में 800 से ज्यादा लड़के एवं लड़कियों ने भाग लिया। चैंपियनशिप में सोनीपत केटलिन ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। पुरुषों के मास्टर्स 97 किलो में राजकुमार सरदाना ने 135 किलो भार उठाकर गोल्ड मेडल हासिल किया, 53 किलो भार वर्ग में रविंदर भिवानी से, 59 किलो भार वर्ग में नीतीश सोनीपत, 66 किलो भार वर्ग में वंश कपूर झज्झर, 74 किलो भार वर्ग में गोविश झज्झर, 83 किलो भार वर्ग में विकास सिरसा, 93 किलो भार वर्ग में दुष्यंत झज्झर, 105 किलो भार वर्ग में लक्ष्य हिसार, 120 किलो भार वर्ग में मौसम सोनीपत प्रथम स्थान पर रहे।

## राशन की दुकानों पर दो दिन मिलेगा फ्री खाधान्न सामिग्री

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा** । जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उ०प्र० जवाहर भवन लखनऊ के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम -2013 के अन्तर्गत माह अप्रैल 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न व बाजरा का निःशुल्क वितरण माह अप्रैल 2024 के सापेक्ष दिनांक 30 अप्रैल से 01 मई तक वितरण तिथि विस्तारित किए जाने के निर्देश दिये गये हैं।जनपद के समस्त कार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि उक्त अवधि में अवशेष अन्त्योदय कार्ड पर 14 किग्रा गेहूँ, 14 किग्रा चावल व 07 किग्रा बाजरा तथा पात्र गृहस्थी कार्ड पर प्रति यूनिट 01 किग्रा गेहूँ 02 किग्रा चावल व 02 किग्रा बाजरा का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

## कैंसर जागरूकता अभियान चलाया, लोगों को बताई सावधानियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** लोगों कों कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए करनाल में डॉक्टरों की एक टीम ने स्पेशल अभियान चलाया, जिसमें लोगों को कैंसर से बचाव के तरीके बताए गए। राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एण्ड रीसर्च सेंटर ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), करनाल के साथ साझेदारी में कंटीन्यूड मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) प्रोग्राम का आयोजन किया।

डॉ राजीव कुमार, सीनियर कन्सलटेन्ट एवं चीफ ऑफ ब्रेस्ट सर्विसेज, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एण्ड रीसर्च सेंटर ने



कहा कि भारत में स्तन कैंसर महिलाओं में पाया जाने वाला सबसे आम प्रकार का कैंसर हैं। खासतौर पर दिल्ली और एनसीआर में स्तन कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जल्दी निदान होने से सफल इलाज की संभावना बढ़ जाती है, तकरीबन 85.90 फीसदी मामलों में जल्दी निदान से उपचार सफल होता है। यहां तक कि स्तन कैंसर की अडवान्स्ड स्टेज में भी दवाएं, सर्जरी और रेडिएशिन थेरेपी के अनुकूल परिणाम मिलते हैं।ष्

उन्होंने कहा कि युवाओं में कैंसर के बढ़ते जोखिम को देखते हुए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि उन्हें उचित इलाज मिले।

## अभय चौटाला ने किसानों की पीठ में छुरा घोपने का काम किया : अनुराग ढांडा

**जनसभा**

8 *आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा की कलायत के किठाना में जनसभा*



**कलायत/कैथल /टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में कलायत के गांव किठाना में जनसभा को संबोधित किया। उनके साथ अमन ढांडा, सुनील आर्य, प्रदीप, रघुवीर नंबरदार, पूर्व सरपंच सत्ता, रणधीर, सुभाष कौशिक, इंदिरा, ओम प्रकाश, कमल डंडा, डॉ. महावीर, बलजीत चहल, प्रेमा, नरेश, पप्पू, रामदिया, सुनील नरेश, रेनू चहल, रिंपी फौगाट, नरेश, रमेश, रोशन, वासुदेव शर्मा, अमित, सुशील और रोशन ढांडा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस देश को बचाने की लड़ाई है। इसलिए राजनीति में आए हैं और देश को बचाने के लिए अपने लोगों से मदद लेने आए हैं। पांच साल में एक बार ऐसा समय आता है जब नेता आपके पीछे घूमते हैं नहीं तो पूरे पांच साल जनता नेताओं के पीछे घूमती है। किसान को एमएसपी चाहिए, युवाओं को रोजगार चाहिए और यदि हमारा कोई बच्चा विदेश में फंस गया तो उसको निकालने के लिए सरकार के नेताओं के पास जाना पड़ता है। इसके अलावा महिलाओं के मान सम्मान की रक्षा नहीं हो पा रही तो नेताओं के पास जाना पड़ता है। जब सरपंचों को भी अपने अधिकार के लिए चंडीगढ़ नेताओं के दरवाजे तक जाना पड़ा था। लेकिन, इन्होंने 750 किसानों की शहादत के बाद भी एमएसपी लागू नहीं किया। किसानों पर लाठियों और गोलियां तक चलवा दी।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संविधान में सबको एक समान वोट का अधिकार है। इसलिए जिसने आपके साथ जैसा व्यवहार किया हो आपके ऊपर लाठियां बरसाई हों या परेशान किया हो, अब उसके साथ वैसा की व्यवहार करना चाहिए। आज हमारे गांव और घर पर आ रहे हैं, इनका भी वही अपमान होना चाहिए जो इन्होंने हमारे साथ किया।

उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें देश में कहीं भी और किसी भी कोने में आने जाने अधिकार दिया है। लेकिन जब हरियाणा पंजाब के किसान और मजदूर दिल्ली जाना चाहते थे तो इस सरकार ने उनके रास्तों में कीलें ठोक दी। इन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर के संविधान का अपमान किया है। जिन मंत्रियों को हमने चुन कर भेजा किसान दिल्ली में उनके घर पर जाना चाहते थे, लेकिन इन्होंने कहा आप हमारे घर नहीं आ सकते। तो अब चुनाव में इन नेताओं की भी हिम्मत नहीं है कि वो हमारे गांव और घर में घुस सके।

## मथुरा में खनन माफिया का आतंक

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा**

सरकार की लाख कोशिश के बाबजूद भी खनन माफिया पर अंकुश नहीं लग पा रहा है इनके हौसले इतने बड़ चुके हैं कि मथुरा के नौहझील थाना क्षेत्र के एक गांव में अवैध खनन रोकने गई पुलिस पर माफिया द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाने की कोशिश की गई, जिसमें उपनिरीक्षक सहित तीन पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। वहीं खनन माफिया ट्रैक्टर- ट्रॉली छोड़ मौके से भाग गया। पुलिस ने ट्रैक्टर- ट्रॉली को कब्जे में लेकर माफिया की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार क्षेत्र के गांव मंडारी खादर में यमुना नदी के निकट होने के चलते यमुना नदी से रेती का खनन खनन माफियाओं द्वारा किया जाता है। इलाका पुलिस को सूचना मिली कि सुरीर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी खनन माफिया ट्रैक्टर- ट्रॉली को लेकर खनन की रेती लेने के लिए जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई। चौकी प्रभारी बरौठ दीपक नागर के नेतृत्व में पुलिस कर्मी ब्रजराज यादव, ललित कुमार व सतेन्द्र सिंह मंडारी खादर पहुंच गए। जहां पुलिस को देख खनन माफिया ने ट्रैक्टर-ट्रॉली उनकी ओर दौड़ा दी। खुद चलते ट्रैक्टर से कूदकर मौके से भाग खड़ा हुआ। पुलिस कर्मी ट्रैक्टर- ट्रॉली से बाल-बाल बच गए। पुलिस मौके से ट्रैक्टर- ट्रॉली को बरामद कर नौहझील थाना ले आई। इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर- ट्रॉली को दाखिल कर चालक की तलाश की जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक नौहझील थाना क्षेत्र में यमुना नदी होने के कारण बड़े पैमाने पर यमुना की रेती व मिट्टी का खनन जारी है। खनन क्षेत्र के मंडारी,अड्डा बाघर्रा,खानपुर, रायपुर, फरीदमपुर,भैरई, फिरोजपुर सहित आदि गांवों से होता है।

## कृभको से सेवानिवृत्त सिकरवार का सम्मान

**राया मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कृषक भारतीय कृषि सेवा केंद्र (कृभको) में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे जितेन्द्र कुमार सिकरवार का सेवानिवृत्त होने पर रविवार को क्षेत्रीय लोगो ने विदाई समारोह का आयोजन किया । इस कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उनको माल्यार्पण किया साथ ही शाल उढ़ाकर और स्म्रति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गणेशबाग स्थित लक्ष्मीनारायण सेवा सदन में पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा कृष्णकांत अग्रवाल विशाल पाराशर ने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की।इस दौरान पवन सर्राफ कमल अग्रवाल राकेश अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल चन्द्रप्रकाश अग्रवाल आलोक अग्रवाल ओंकार सिंह जगदीश प्रसाद शर्मा अनुज अग्रवाल भूपसिंह प्रतुल गंगल चंदर सिंह ठेकेदार वीरी सिंह हरिमोहन वार्ष्णेय राजेश गोयल ज्ञानेंद्र चौधरी सुभाष चन्द्र अग्रवाल पवन सारस्वत प्रमेन्द्र सिंह अंकुर देवा प्रधान आदि मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय भगवद गीता महासम्मेलन का समापन

**गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया**

रामराज्य की संकल्पना व्यक्ति निर्माण से ही सम्भव है। गीताज्ञान व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला है। उक्त विचार मातृभूमि सेवा मिशन, कुरुक्षेत्र के संस्थापक डॉ. प्रकाश मिश्रा ने व्यक्त किए। ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में आयोजित अखिल भारतीय भगवद गीता महासम्मेलन के समापन सत्र के अवसर पर उन्होंने ये बात रखी। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज अपनी मौन साधना से रामराज्य की स्थापना कर रही है। डॉ.मिश्रा ने कहा कि उनकी यही शुभ आश है कि



ब्रह्माकुमारीज भारत का आध्यात्मिक नेतृत्व करे।

- रामराज्य से पहले स्वयं के भीतर करनी है स्वराज्य की स्थापनाकटनी से पधारे आचार्य परमानंद जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दूसरों को सुधारने के बजाय हमें खुद को सुधारने पर ज्यादा जोर देने की जरूरत है। रामराज्य से पहले हमें स्वयं के भीतर स्वराज्य स्थापन करना है। ज्ञान हमारे आचरण से दिखना चाहिए। उन्होंने कहा की साधक के अंदर मां के गुण होने बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि मनोविकार ही रावण का स्वरूप हैं। अभिमान रावण का सबसे बड़ा रूप है।

ब्रह्माकुमारीज के अतिरिक्त महासचिव राजयोगी बीके बृजमोहन ने कहा कि किसी भी कार्य की अगर विधि सही है तो मुश्किल नहीं लगता। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में ईश्वरीय ज्ञान नहीं है। अगर ईश्वरीय ज्ञान शास्त्रों में होता तो ईश्वर को आने की आवश्यकता नहीं होती। उन्होंने कहा कि शुभचिंतक, शुभचिंतक, शुभ भावना और शुभ कामना द्वारा ही हम सुखद स्थिति का अनुभव कर सकते हैं।

## उद्योगों में अग्नि सुरक्षा को लेकर आपदा प्रबंधन नियमों का पालन करें सुनिश्चित

**राजन पुरी**

**ऊनाः** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने जिले में औद्योगिक इकाइयों में अग्नि सुरक्षा को लेकर सरकार के दिशा निर्देशों और आपदा प्रबंधन नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित बनाने को कहा है। उन्होंने जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों और परिसरों को अग्निरोधी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने उद्योग संचालकों को उनकी इकाइयों को इस प्रकार डिजाइन करने को कहा कि वे अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से सबके लिए सुरक्षित हों। उपायुक्त सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा हरोली औद्योगिक एसोसिएशन के




सहयोग से राजीव गांधी सुविधा केंद्र, बाथू के सभागार में अग्नि सुरक्षा, औद्योगिक खतरे तथा आपदा प्रबंधन योजना पर जागरूकता के लिए आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे। जतिन लाल ने कहा कि ऊना में औद्योगिक इकाइयों में आग लगने की कई दुखद दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें जान माल के नुकसान का बड़ा खतरा उत्पन्न हुआ। ऐसे हादसों को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि उद्योग संचालकों और संबंधित विभागों में अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से जागरूकता हो। ज्वलनशील पदार्थों को विशेष एहतियात से रखा जाए। सभी को अपने दायित्वों की जानकारी हो और अपनी जिम्मेदारियों का ध्यान रहे।

**आपदा प्रबंधन**

8 जतिन लाल ने कहा कि ऊना में औद्योगिक इकाइयों में आग लगने की कई दुखद दुर्घटनाएं हुई हैं,

जिससे यह सुनिश्चित बने कि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो और जान माल के नुकसान को टालने के साथ सबकी सुरक्षा तय बने।

उन्होंने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए एसडीएम हरोली, उद्योग विभाग व हरोली औद्योगिक संघ के प्रयासों की सराहना की। कार्यशाला में एनडीआरएफ के प्रतिनिधियों ने औद्योगिक इकाइयों में आग लगने के खतरों, सुरक्षा मानकों व बचाव के उपायों को लेकर जानकारी दी। वहीं उद्योग विभाग ने आपदा प्रबंधन नियमों और अग्निशमन विभाग ने अग्नि सुरक्षा ऑडिट को लेकर विस्तार से बताया। कार्यशाला में हरोली औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कौशल ने उपायुक्त का स्वागत करते हुए औद्योगिक बिरादरी की ओर से आपदा प्रबंधन नियमों का पालन सुनिश्चित बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर, संयुक्त निदेशक अंशुल धीमान, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की संयोजक सुमन चहल, एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर भारत भूषण तथा नफीस खान समेत अन्य उपस्थित रहे।

## भाजपा और कांग्रेस दोनों ही जनता का विश्वास खो चुकी हैः गुरप्रीत सिंह

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**

अंबाला लोकसभा से इनेलो के उम्मीदवार एडवोकेट गुरप्रीत सिंह ने सोमवार को जिला कार्यालय में कार्यकताओं के साथ चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक की। वहीं उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा और कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश और देश में भाजपा की सरकार के 10 साल के कार्यकाल को सभी ने देख है। आज जनता को समझ में आ गया है कि यह जुमला पार्टी है और इसके कार्यकाल में भ्रष्टाचार बढ़ा है। यह सरकार घोटालों की सरकार



रही है।

उन्होंने कहा कि अंबाला लोकसभा में पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल के भाजपा सांसद स्वर्गीय रतनलाल कटारिया ने क्या किया। वहीं उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार वरुण चौधरी पर भी सवाल उठाये कि उन्होंने विधायक के पद पर रहते हुए मुलाना विधानसभा में कोई विकास कार्य नही किया। उन्होंने कहा कि यह लोग परिवारवाद से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि इनेलो ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जहां किसान, मजदूर, गरीब, कमेरों की सुनी जाती है। यह पार्टी किसान नेता देवी लाल के दिखाए हुए मार्ग पर चलने वाली पार्टी है।

उन्होंने कहा कि हर गांव में जहां भी हम जा रहे हैं बुजुर्ग, माता, बहनों और भाइयों का प्यार मिल रहा है। जनता आज बदलाव के मूड में है और निश्चित तौर पर भाजपा सरकार का जाना तय है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 30 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

फास्ट न्यूज

### जंगल आग से धधक रहे हैं, मंत्री-सीएम चुनाव में मस्त हैं: जोशी

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून:** उत्तराखंड में गढ़वाल से कुमाऊं तक जंगल आग से धधक रहे हैं। आग से अब तक 581 हेक्टेयर से अधिक वन संपदा को नुकसान हुआ है। इस बीच वनाग्नि की घटनाओं पर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उत्तराखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी ने कहा है कि सारे जंगल आग से धधक रहे हैं, लेकिन न मंत्रियों का पता है और न मुख्यमंत्री का। सब चुनाव में मस्त हैं। उन्होंने कहा कि जंगलों में आग लगने से जंगली जानवर, पशु-पक्षी समेत करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हो रहा है। पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। पहाड़ का तापमान बढ़ रहा है, लेकिन इसको लेकर प्रदेश सरकार गंभीर नहीं है। वन विभाग हाथ पर हाथ रखकर बैठा हुआ है।

### सपा कांग्रेस और बसपा के नेता घबराए हुए हैं: मौर्य

टीम एक्शन इंडिया

**जौनपुर:** लोकसभा चुनाव जौनपुर व मछली शहर सीट से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सोमवार को दोपहर में जनसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा कांग्रेस और बसपा के नेता घबराए हुए हैं। वर्ष 2014 में मोदी की हवा चल रही थी 2019 में आंधी चली तो 2024 में तूफान चल रहा है। लोकसभा जौनपुर से भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह व मछलीशहर प्रत्याशी भोलानाथ सरोज (बीपी सरोज) के समर्थन में जनसभा करने आए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के निशाने पर सपा, कांग्रेस और बसपा पार्टियां रहीं। उन्होंने कहा कि हर बूथ से 370 वोट अधिक डलवाने का काम हो। 2024 में जौनपुर व मछली शहर दोनों भाजपा की सीट जिताने की जिम्मेदारी उठाओ। पीडीए (परिवार डेवलपमेंट अथारिटी) ने अभी तक परिवार के पांच सदस्यों को छोड़कर किसी यादव को प्रत्याशी नहीं बनाया है। यूं तो पीडीए का मतलब पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्य होता है लेकिन सपा में कुछ अलग ही है। परिवार भर चुनाव लड़ते हैं। इस अवसर पर जिला कारागार राज्य मंत्री दारा सिंह चौहान, सांसद दिनेश लाल यादव ,राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव, विधायक रमेश मिश्रा जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह आज उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने राज्य में बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ भेजा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून:** कांग्रेस ने राज्य में बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ विरोध जताया है। इस संबंध में सोमवार को महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा है। गोगी ने आरोप लगाते हुए कि पहले तो पिछले वर्ष एडिशनल सिक्योरिटी चार्ज के नाम पर लोगों को लूटा गया, बड़े लोगों को छोड़ कर आम उपभोक्ताओं के कनेक्शन बिजली विभाग ने काटे और अब डबल इंजन की सरकार ने ये तोहफा राज्य की जनता को दिया है। 2014 में भाजपा सरकार के आने के बाद लोगों की जरूरत की हर चीज चाहे वो गैस हो, पेट्रोल हो, बिजली हो, दालें और अन्य खाद्य पदार्थ हो बहुत महंगी हो चुकी है।

# राजनाथ सिंह के नामांकन में उमड़ा जनसैलाब

## राजनाथ हाथ जोड़कर आमजन का अभिवादन करते रहे तो दूसरी तरफ योगी हाथ में 'कमल का फूल' और चेहरे पर मुस्कान लिए आमजन से जुड़े रहे

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** राजधानी लखनऊ की सड़कों पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का विकास रथ' निकला। इस पर सवार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हाथ जोड़कर आमजन का अभिवादन करते रहे तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथ में 'कमल का फूल' और चेहरे पर मुस्कान लिए आमजन से जुड़े रहे। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय से प्रारंभ हुआ रोड शो कलेक्ट्रेट तक पहुंचा। कार्यकताओं के हौसलों के आगे चिलचिलाती धूप भी बौनी दिखी। रास्ते में कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं समेत समाज के विभिन्न वर्गों ने योगी-राजनाथ पर पुष्पवर्षा भी की। पूरा रास्ते भाजपा के झंडे संग



भगवामय रहा। रोड शो के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तरांखड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय, कौशल किशोर, महापौर सुषमा खर्कवाल, देवरिया के सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, राज्यसभा सांसद संजय सेठ, विधायक राजेश्वर सिंह, नीरज बोरा, पंकज सिंह आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**योगी आदित्यनाथ ने स्वयं संभाली कमान :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीच-बीच में स्वयं कमान संभाल लेते हुए व्यवस्था संभालने का आह्वान करते रहे। योगी ने लखनऊवासियों का आभार जताया तो 'भारत मां की जयकार, वंदे मातरम, फिर एक बार-मोदी सरकार' आदि नारे लगवाते रहे। योगी आदित्यनाथ रास्ते की व्यवस्था को भी माइक से संभालते रहे। अव्यवस्था न हो, इसके लिए बीच-बीच में भाजपा कार्यकताओं व व्यवस्था से जुड़े लोगों को रथ से ही निर्देश भी देते रहे। विकास रथ पर राजनाथ सिंह हाथ जोड़ आमजन का अभिवादन करते रहे तो योगी आदित्यनाथ कमल का फूल चुनाव चिह्न लेकर अबकी बार-400 पार का संवाद भी करते रहे।

### देशभक्ति गीतों संग जुड़ा लखनऊ

**रोड** शो के दौरान देशभक्ति गीत भी लोगों में जोश भरता रहा। जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे. ऐ वतन-ऐ वतन आदि गीतों पर ढोल-नगाड़े संग लोग झूमते रहे। वहीं बीच में आई एंबुलेंस को भी रास्ता देकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी संजीदगी को दशार्या। रोड शो के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं का अनुशासन व जोश भी दिखा।

**अल्पसंख्यक समाज समेत समाज के विभिन्न वर्गों ने भी किया स्वागत**

रास्ते में अल्पसंख्यक समाज ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सीएम योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। मंच पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों संग समाज की महिला-पुरुषों ने भी विकास रथ पर पुष्पवर्षा की। साथ ही व्यापार मंडल, अधिवक्ता समाज, बैंड बाजा एसोसिएशन, रेलवे से जुड़े संगठनों के पदाधिकारी, अग्रवाल समाज, विभिन्न वर्गों और भाजपा के सभी आनुसांगिक संगठनों के लोगों ने विकास रथ और इस पर खड़े नेताओं का जोरदार स्वागत किया।

**कैमरे में कैद करते रहे पल-पल की तस्वीर :** राजनाथ सिंह के नामांकन में उमड़ी भीड़ पल-पल की तस्वीर को कैमरे में कैद करती रही। भाजपा का कार्यकर्ता हो या आम जनमानस, हर कोई अपने मोबाइल में पल-पल की तस्वीर को खींच रहा था।

## स्मृति ईरानी ने दाखिल किया नामांकन



टीम एक्शन इंडिया

**अमेठी:** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दयिा। इस दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद रहे। नामांकन से पहले स्मृति ने अपने आवास पर विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद वह भाजपा कार्यालय पहुंची और यहां से मोहन यादव के साथ रोड शो की शुरूआत की थी। नामांकन के दौरान अयोध्या से आए महापौर पंडित गिरीशपति त्रिपाठी ने राम नाम का पटका देकर मुख्यमंत्री व स्मृति ईरानी का स्वागत किया। वहीं अयोध्या से आए कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। नामांकन के दौरान भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही। बता दें, यूपी के चुनाव में सपा व कांग्रेस गठबंधन जहां मुस्लिम-यादव मतों को अपनी ताकत मान रही है। वहीं, अमेठी सीट से केंद्रीय मंत्री व सांसद स्मृति ईरानी के तीसरी बार के नामांकन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को बुलाकर 'वाई फैक्टर' साधने की कोशिश भाजपा के रणनीतिकारों ने की है।

**रोड शो**

> 8 20 मई को होगा मतदान, मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ सुबह 1120 पर रोड शो की शुरूआत की

**अमेठी क्षेत्र में सबसे अधिक यादव मतदाता :** हाईप्रोफाइल अमेठी संसदीय सीट तीन जिलों के पांच विधान सभा क्षेत्रों को मिलाकर बनाई गई है। इसमें जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों के साथ ही रायबरेली जिले का सलोन विधान सभा क्षेत्र व जगदीशपुर विधान सभा क्षेत्र में सुलतानपुर के बल्दीराय तहसील के 24 ग्राम पंचायतों के 62 बूथ शामिल हैं। अगर जातिगत आंकड़ों पर गौर करें तो सबसे अधिक 48 हजार के करीब यादव मतदाता अमेठी विधानसभा क्षेत्र में हैं।

### सीएम धामी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की



टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को पंतनगर एयरपोर्ट पर ऊधम सिंह नगर जनपद की कानून व्यवस्था की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता देवभूमि में सुरक्षित वातावरण देना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने संबंधित पुलिस अधिकारियों और जिलाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की बेहतर कार्यप्रणाली जनता की सुविधा और सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## अपने बलबूते दमदारी से चुनाव लड़ रही हैं: मायावती

टीम एक्शन इंडिया

**बदायूं:** बसपा अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को बदायूं में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। मायावती ने कहा कि हमारी पार्टी किसी विरोधी पार्टी के साथ नहीं अपने बलबूते दमदारी से चुनाव लड़ रही है। टिकट वितरण में सर्व समाज को भागीदारी दी है। समाजवादी पार्टी का रवैया टिकट किस तरह का होता है यह हिंदू और मुस्लिम दोनों जानते हैं। हिंदू मुस्लिम की आबादी देखकर टिकट देते हैं। यह उनका चरित्र है। बदायूं में मुस्लिम कितनी भी संख्या क्यों न हो चुनाव उनके परिवार का ही चुनाव लड़ेगा। संभल में मुस्लिम आबादी ज्यादा है, जहां हमने मुस्लिम समाज को टिकट दिया है। मायावती ने कहा, टिकट देने के



मामले में हम पक्षपात नहीं करते हैं। भीड़ के जोश देखकर भरोसा हो गया है प्रदेश में बसपा का बेहतर रिजल्ट आएगा। मायावती ने कहा कि कांग्रेस की हालत ठीक नहीं है। इनकी सरकारों में दलित, पिछड़ों, बाबा साहब की उपेक्षा की गई। इसीलिए कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई, भाजपा और उनके सहयोगी दल सत्ता में आ गए। भाजपा की सरकार में भी धर्म-जाति को अहमियत दी जा रही है। भाजपा में जुमलेबाजी दिख रही है। अच्छे दिन दिखाने के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है। जो दावे किए उसका एक चौथाई काम नहीं पूरा किया। बसपा प्रमुख ने कहा कि बीजेपी पूंजीपतियों और धन्नासेठों को लाभ पहुंचाती है। अब लगता है कि कांग्रेस की तरह भाजपा ने जांच एजेंसियों का उपयोग कर रही है। सांप्रदायिक सोच के चलते दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों का विकास नहीं हो सका है। एससी वर्ग के कर्मचारियों की प्रोन्नति को निष्प्रभावी कर दिया। अब प्राइवेट एजेंसियों के माध्यम से नौकरी दी जा रही है। शोषण और उत्पीड़न खत्म नहीं हुआ है। पिछले कुछ वर्षों से बीजेपी और आरएसएस के चलते हिंदुत्व की आड़ में ज्यादती चरम पर है। अपर कास्ट में भी गरीबों की स्थिति ठीक नहीं है। भाजपा की गलत नीतियों से किसानों को आंदोलन करना पड़ रहा है।

**साधा निशाना**

> 8 समाजवादी पार्टी का रवैया टिकट किस तरह का होता है यह हिंदू और मुस्लिम दोनों जानते हैं

## '..तो पुलिस की नौकरी केवल 3 साल की रह जाएगी'

टीम एक्शन इंडिया

**बदायूं :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हाथरस के सिकंदराराऊ पहुंचकर जनसभा की। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने महंगाई और बेरोजगारी पर भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि देश में लगातार बेरोजगारी बढ़ रही है।

**भाजपा ने की युवाओं की जिंदगी खराब :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर युवाओं की एक तिहाई जिंदगी खराब करने का आरोप



लगाया है। हाथरस के सिकंदराराऊ में आयोजित सभा में उन्होंने कहा नौकरी नहीं मिल रही हैं। पेपर लीक हो रहे हैं। ये कैसी सरकार है जो अपने लीकेज नहीं रोक पा रही। सपा सरकार बनने पर तीस लाख रिक्त पद भरे जाएंगे। अग्नीवीर वाली आधी नौकरी खत्म की जाएगी।

**पुलिस की नौकरी रह जाएगी केवल तीन साल की : अखिलेश**

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि खाकी वर्दी वाले अन्याय कर रहे हैं। इन्हें बता देते हैं कि अभी फौज की नौकरी चार साल की है, अगर दोबारा भाजपा आई तो पुलिस की नौकरी तीन साल कर कर देंगे। किसी को पता था कि अग्निवीर के हक को यह मारेंगे। ट्रेन, एयरपोर्ट, बंदरगाह सब बिक गए हैं। जब ये सब हो सकता है तो खाकी वालों की नौकरी भी तीन साल की हो सकती है।

### आग बुझाने में अब रोबोट का इस्तेमाल करेगा फायर डिपार्टमेंट



टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ :** अब अग्निशमन विभाग फायर फाइटिंग रोबोट से आग बुझाएगा। इसके खरीदने की कवायद अग्निशमन विभाग में शुरू हो गई है। रोबोट का परीक्षण मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार, कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों के समक्ष हजरतगंज फायर स्टेशन पर किया गया। रोबोट को घटनास्थल से 500 मीटर दूरी पर खड़ा अग्निशमन विभाग का कर्मचारी आपरेट कर सकेगा। इसके पिछले हिस्से में लगे पाइप में वाटर टेंडर को कनेक्ट किया जाएगा। इसके बाद यह फायर फाइटिंग के लिए तैयार हो जाएगा। रिमोट की बटन आन करते ही कर्मी जिस दिशा में इसे ले जाना चाहेगा ले जा सकता है। खासकर इसका प्रयोग इमारत में लगी आग, जहां इमारत ढहने का खतरा हो। केमिकल की आग, आग का स्रोत खोजने में, भीषण धुएं वाली आग में करना बेहद सफल होगा। रोबोट में थर्मल इमेजिन कैमरा, आप्टिकल कैमरा लगा है। कैमरे का जूम रिमोट से 500 मीटर दूर खड़ा कर्मचारी भी सेट कर देख सकेगा।

## प्रकृति के अनुकूल हों ऐसे ही नवाचार करें : राज्यपाल

टीम एक्शन इंडिया

**बीकानेर:** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि विद्यार्थी, वैदिक भारत के शाश्वत सिद्धांतों को आधार बनाकर ऐसे नवाचार करें, जो प्रकृति के अनुकूल हों। राज्यपाल मिश्र सोमवार को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में निहित अद्वितीय क्षमताओं को पहचानते हुए उन्हें भविष्य के अवसरों के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्यों को तकनीकी शिक्षा में प्रधानता देने के लिए चिंतन की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों में इस तरह के शोध और अनुसंधान हों, जिससे देश के संसाधनों से स्थानीय



उत्पादों का निर्माण हो सके। राज्यपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति में शोध और अनुसंधान की मौलिक परंपरा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इसी के अनुरूप भारतीय पारंपरिक ज्ञान को केंद्र में रखकर आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाए। प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी मानव कल्याण के उद्देश्य के साथ युगानुकूल हो। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत की शिक्षा का दृष्टिकोण विज्ञान, प्रौद्योगिकी, भारतीय दर्शन और नवाचार प्रतीक के रूप में खड़ा है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि आज भी हमारे यहां वैज्ञानिक, तकनीकी और चिकित्सकीय शिक्षा अंग्रेजी में ही दी जाती है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत भारत सरकार द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एंड इंटरप्रिटेशन की पहल की गई है। इसका उद्देश्य अंग्रेजी के साथ दूसरी भाषाओं में वैज्ञानिक, तकनीकी और चिकित्सकीय शिक्षा के पाठ्यक्रमों को सुलभ करवाना है।

**नवाचार**

> 8 विद्यार्थी, वैदिक भारत के शाश्वत सिद्धांतों को आधार बनाकर ऐसे नवाचार करें: राज्यपाल

## सीएम यादव ने खड़गे और जीतू पटवारी से मांगा इस्तीफा

टीम एक्शन इंडिया

**भोपाल:** इंदौर के कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम के चुनाव से नॉमिनेशन वापस लेने पर डॉ मोहन यादव ने मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मैंने पहले ही कहा था, मध्यप्रदेश पूरा मोदी मय हुआ है। वर्तमान में पूरे देश में प्रचंड आंधी चल रही है, खासकर मध्यप्रदेश में। उन्होंने कहा कि हमको मालूम है कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने 29 सीटों पर समझौता किया है। 28 सीट कांग्रेस को दी और 1 सीट समाजवादी पार्टी ने ली है। खजुराहो सीट से पहले समाजवादी पार्टी के सदस्य ने अपना नॉमिनेशन फॉर्म वापस लिया या एक तरह से जानबूझकर कर उन्होंने फॉर्म में त्रुटि की, ताकि कलेक्टर के पर आरोप लगाए।

उन्होंने एक तरह से विड्रॉ किया। घोषित तरीके से उन्होंने कहा कि प्रशासन ने गलती कर दी, जबकि उसी समय स्पष्ट किया गया था कि जब कोई उम्मीदवार फॉर्म भर के दो-दो जगह हस्ताक्षर नहीं करता तो इसका मतलब यह है कि वो चुनाव नहीं लड़ना चाहता।

**सुरक्षा** डॉग स्क्वायड और क्यूआरटी ने भी चप्पे-चप्पे पर पुलिस के साथ सर्च किया। एयरपोर्ट बिल्डिंग,पार्किंग एरिया,एप्रन एरिया समेत चप्पे- चप्पे पर चेकिंग की गई

## जयपुर एयरपोर्ट को फिर मिला बम से उडाने की धमकी भरा ई-मेल

टीम एक्शन इंडिया

**जयपुर:** जयपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी को फिर ईमेल पर एयरपोर्ट पर बम होने की सूचना मिली है। धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई और जयपुर एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। वहीं केंद्रीय एजेंसियो के साथ राजस्थान पुलिस भी एक्टिव हो गई। डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड को भी मौके पर बुलाकर जांच की गई, लेकिन एयरपोर्ट पर किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस उपायुक्त जयपुर कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि तीन दिन के भीतर दूसरी बार जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एयरपोर्ट को ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाने की बात लिखी गई



है और साथ ही बताया कि जयपुर ही नहीं बल्कि देश के वाराणसी, चड़ीगढ़, श्रीनगर सहित भारत के कई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इंडिया के इन सभी एयरपोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर ये धमकी भरा मैसेज भेजा गया है। मेल करने वाले ने सभी को एक साथ धमकी भरा मेल किया है। जिसमें एयरपोर्ट पर बम लगाने की बात कही गई है। सुरक्षा एजेंसिया पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। उन्होंने बताया कि धमकी भरा मेल प्राप्त होने के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और क्यूआरटी ने भी चप्पे-चप्पे पर पुलिस के साथ सर्च किया। एयरपोर्ट बिल्डिंग,पार्किंग एरिया,एप्रन एरिया समेत चप्पे- चप्पे पर चेकिंग की गई। जांच में एयरपोर्ट पर कहीं पर भी कोई विस्फोटक नहीं मिला। इसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली। जयपुर एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। साथ ही इस मामले में साइबर एक्सपर्ट की भी मदद ली जा रही है। थानाधिकारी मोतीलाल ने बताया कि सोमवार सुबह एयरपोर्ट की ऑफिशियल आईडी पर ई-मेल भेजकर यह धमकी दी गई है।

**मचा हड़कंप**

> 8 सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई और जयपुर एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। राजस्थान पुलिस भी एक्टिव हो गई

## इंदौर उम्मीदवार को लेकर कांग्रेस ने लगाया षड़यंत्र का आरोप

टीम एक्शन इंडिया

**भोपाल:** गुजरात की तरह मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस को एक झटका लगा है। इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। अक्षय क्रांति बम द्वारा अपना नामांकन वापस लेने के बाद अब इस पर राजनीतिक तेज हो गई है। कांग्रेस और भाजपा नेता एक दूसरे पर जमकर जुबानी हमला बोल रहे है। कांग्रेस मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने कहा है कि ऐसी घटना अचानक नहीं होती, इसकी सूचना अचानक मिलती है। भारतीय जनता पार्टी षड्यंत्र रचती है, धनबल का प्रयोग करती है और शासन का सहयोग लेती है। तब जाकर ऐसी घटनाएं होती है। बीजेपी से हमारा संघर्ष है अभी ऐसी और भी घटनाएं हमें देखनी है। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र को फिर से एक बार शर्मशार करने का काम किया है।भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी बहुत ही कमजोर प्रत्याशी के रूप में उभर के सामनेआए हैं। जिससे घबरा कर भाजपा ने कांग्रेस प्रत्याशी के ऊपर चार दिन बाद 307 का अपहरण अपराधिक प्रकरण दर्ज कराया था। लगातार कांग्रेस प्रत्याशी पर दबाव बनाया जा रहा था।